CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 280 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 05 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

### भजनलाल शर्मा की ऐतिहासिक पहल

## डेयरी विकास को 1000 करोड का फंड बनाने की दी मंजूरी

**भजनलाल सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय से आरसीडीएफ प्रशासन के हौसले बुलंद**

**आरसीडीएफ की दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढकर होगी 75 लाख लीटर प्रतिदिन**

**पशु आहार उत्पादन क्षमता भी होगी 2550 मैट्रिक टन प्रतिदिन**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हर दिन नया विजन और नया प्रण लेकर अपने कार्य की शुरुआत करते हैं इसलिए उनके अब तक के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसे बड़े निर्णय और फैसले लिए जिनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है यहां तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह भी उनके निर्णय और उनके कार्यों से काफी खुश और प्रभावित हैं मुख्यमंत्री शर्मा अब पूरे देश में एक ऐसे श्रेष्ठ और पॉपुलर मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित हो गए हैं जिन्हें जनहित के लिए और प्रदेश के विकास को तेज रफ्तार देने के लिए रोजाना एक नए फैसले और नए निर्णय लेने के लिए जाने जाना लगा है इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के डेयरी सेक्टर को मजबूती प्रदान करने के लिए और प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की खुशहाली के लिए तथा आरसीडीएफ प्रशासन में जोश भरने के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया है मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर राज्य सरकार ने डेयरी विकास के लिए राज्यभर की डेयरियों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च के लिये 1 हजार करोड़ रुपये का कोरपस फण्ड बनाने की स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फण्ड के लिये जारी की गई है। डेयरी विकास के क्षेत्र में राजस्थान राज्य में पिछले दो दशको में पहली बार यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से राज्यभर की सहकारी डेयरियों और उनसे जुड़े लाखों दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा। डेयरियों के आधारभूत ढ़ांचे में विस्तार से आरसीडीएफ एवं जिला दुग्ध संघों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार की संभावनाऐं तलाशने में भी मदद मिलेगी।

राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक भारद्वाज ने बताया कि राज्य में डेयरी विकास के क्षेत्र में इतनी बड़ी राशि के विनियोजन की स्वीकृति पहली बार जारी की गई है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत राशि से राज्यभर की सहकारी डेयरियों में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता का विस्तार किया जायेगा और वर्तमान में आरसीडीएफ की कुल दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को 52 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 75 लाख लीटर प्रतिदिन किया जावेगा। अलवर, उदयपुर, बांसवाड़ा, भरतपुर एवं सवाईमाधोपुर में नवीन एवं अत्याधुनिक तकनीक के डेयरी प्लान्टस की स्थापना की जावेगी। सीकर-झुन्झुनु,श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, जोधपुर और कोटा दुग्ध संघों के डेयरी प्लान्टस का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। साथ ही कोटा, उदयपुर एवं राजसमंद जिलों में नये अत्याधुनिक संयंत्रों की स्थापना की जावेगी और जोधपुर पशु आहार संयंत्र का विस्तारीकरण किया जावेगा। पाली एवं हनुमानगढ़ जिले में 60 मैट्रिक टन क्षमता के नये डेयरी प्लान्टस भी स्थापित किये जायेंगे।

भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीआईडीएफ स्वीकृति के अन्तर्गत आरसीडीएफ के पशु आहार संयंत्रों की उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया जायेगा। वर्तमान में पशु आहार संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 1800 मैट्रिक टन प्रतिदिन है जिसे बढ़ाकर 2500 मैट्रिक टन प्रतिदिन किया जोयगा। इसी पाकर आरसीडीएफ के पाउडर प्लान्टस की वर्तमान क्षमता 165 मैट्रिक टन प्रतिदिन को बढ़ाकर 225 मैट्रिक टन प्रतिदिन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोरपस फण्ड की 10 प्रतिशत आरआरसीडीएफ स्वयं के द्वारा अर्जित लाभ में से देगा। इसी प्रकार जिला दुग्ध संघों द्वारा भी कोरपस फण्ड की 10 प्रतिशत राशि उनके द्वारा अर्जित लाभ में से दी जावेगी। कोरपस फण्ड में बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं से उचित ब्याज दर पर श्रृण लिया जा सकेगा। केन्द्रीय प्रवर्तित योजना एएचआईडीएफ के अन्तर्गत 3 प्रतिशत ब्याज की सब्सीडी भारत सरकार और 3 प्रतिशत ब्याज की सब्सीडी राजस्थान सरकार द्वारा दी जावेगी।

## ड्राइवर की आंखें होगी चेक नियम तोड़ने पर लाइसेंस होगा सस्पेंडः भजनलाल शर्मा

### सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सरकार ने बनाया नया एक्शन प्लान, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नई एक्शन प्लान के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को काम करने के निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से साफ कहा है कि भविष्य में सड़क दुर्घटनाएं नहीं हो इसके लिए पुलिस परिवहन विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जिला प्रशासन सभी सामूहिक प्रयास करें और नवाचारों और नई एक्शन प्लान के साथ गंभीरता से कार्य करें उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर कार्य करें और अगर इस कार्य में किसी भी अधिकारी के लापरवाही या कोई कमी सामने आएगी तो सरकार कड़ा कदम उठाने में देर नहीं करेगी मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को लेकर काफी अलर्ट मोड पर आ गए हैं यही वजह रही कि उन्होंने हरमाड़ा में हुए



सड़क हादसे के बाद सोमवार की देर रात तक उन्होंने संबंधित विभाग के सभी बड़े अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की कई बड़े निर्णय लिए और अब न्यू एक्शन प्लान के साथ मंगलवार को संबंधित विभागों ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है जानकारी के अनुसार प्रदेश में लगातार भीषण सड़क दुर्घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 दिवसीय रोड सेफ्टी ड्राइव शुरू की है इसका उद्देश्य ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करवाना और सड़क हादसों को कम करना है मुख्यमंत्री में अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिएहैं सड़क हादसे कम करने के उद्देश्य से शुरू हुई इस पहल में ट्रैफिक नियमों के पालन से लेकर उन्हें गंभीरता से लागू करने पर ध्यान दिया जाएगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार की देर रात हाई लेवल मीटिंग बुलाई थी जिसमें अधिकारियों को सड़क हादसों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के आदेश दिए गए थे । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि ट्रांसपोर्ट पुलिस और पीडब्ल्यूडी समेत जो भी अधिकारी सड़क सुरक्षा के नियमों को लागू करने में लापरवाही करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा है कि सभी अधिकारियों को हाईवे पर मौजूद ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने हाईवे के आसपास से अतिक्रमण हटाने और ड्राइवर की आंखें चेक करने जैसे कई दिशा निर्देश दिए गए हैं खासतौर से जयपुर दिल्ली, जयपुर कोटा, जयपुर अजमेर, जयपुर भरतपुर ,कॉरिडोर पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है इन जगहों पर ट्रैफिक नियमों का गंभीरता से पालन करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल ने यह भी कहा है कि विभागों को सिर्फ कानून लागू नहीं करना है बल्कि लोगों से इसे लेकर जागरूकता भी फैलानी होगी ट्रैफिक नियमों का अनुशासन नागरिक आदत होनी चाहिए । जानकारी के अनुसार भजनलाल सरकार के नए एक्शन प्लान में जो बातें शामिल हैं उनमें नशे में तेज रफ्तार गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर का लाइसेंस रद्द किया जाए राष्ट्रीय राजमार्ग से आसपास मौजूद सभी अवैध कब्जे हटाए जाएं 15 नवंबर से 15 फरवरी के बीच सभी ट्रक ड्राइवर की आंखों का चेकअप किया जाए मेडिकल और स्वास्थ्य विभाग को आपात स्थिति के लिए लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तैनात करनी होगी सड़क सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हाई कोर्ट ने सड़क हादसों पर सरकार से रिपोर्ट मांगी, हाईवे पर सरकार की क्या है व्यवस्था

### एडवोकेट राजेंद्र शर्मा की याचिका पर सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता से सवाल-जवाब, पांच वकीलों को न्याय मित्र भी नियुक्त किया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में कई जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं को राजस्थान हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है राजस्थान हाई कोर्ट ने मंगलवार को एडवोकेट राजेंद्र शर्मा की ओर से इस संबंध में पेश की गई याचिका पर राजस्थान सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता से कई तरह के सवाल जवाब किया और राजस्थान सरकार की ओर से सड़क हादसों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा हाईवे पर राजस्थान सरकार की सड़क हादसों को रोकने के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं और आने वाले दिनों में राजस्थान में हो रहे इन सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार की ओर से क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं इस तरह के कई सवाल हाई कोर्ट के न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने राजस्थान सरकार के महाधिवक्ता से पूछे और इस पूरे मामले में सरकार की ओर से विस्तृत रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा गया है तथा हाईकोर्ट ने पांच वकीलों को इस मामले में न्याय मित्र के रूप में भी नियुक्त किया है इस मामले में अगली सुनवाई 6 नवंबर निर्धारित की गई है जानकारी के अनुसार वरिष्ठ वकील राजेंद्र शर्मा ने अभी हाल ही के दिनों में राजस्थान में कई जगह पर हुई सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए इस मामले में हाईकोर्ट से हस्तक्षेप करने की मांग के संबंध में याचिका प्रस्तुत की थी इस याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रसंज्ञान लेते हुए मंगलवार को मामले की सुनवाई की मंगलवार को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने भी राजस्थान में आए दिन हो रही भीषण सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गहरी नाराजगी जताई और सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते हुए कई तरह के सवाल मौके पर मौजूद सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता से पूछे हाई कोर्ट ने सरकार के महाधिवक्ता से हाईवे पर सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार की क्या व्यवस्था है इसके बारे में भी सवाल पूछे हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह से हाईवे पर यात्रियों की जान को खतरे में नहीं डाला जा सकता जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट में वरिष्ठ वकील राजेंद्र शर्मा की ओर से प्रस्तुत की गई याचिका में कहा गया था कि हाल ही में राजस्थान में कई बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई प्रदेश में लगातार सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं जिसकी वजह से लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं याचिका में हाई कोर्ट से रिक्वेस्ट की गई कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और सरकार को निर्देशित करें कि भविष्य में इस तरह की सड़क दुर्घटनाएं नहीं हो और प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार और हाईवे अथॉरिटी की ओर से विशेष कदम उठाए जाएं ।

## बस संचालकों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चाः 24 घंटे का अल्टीमेटम

### फिर आरटीओ ने सर्टिफिकेट जारी क्यों किया, इतनी बड़ी संख्या में बसों का माड्यूलेशन मुमकिन नहीं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार के कड़े व्यवहार को देखते हुए प्रदेश की निजी बस ऑपरेटर ने भी राजस्थान सरकार को मंगलवार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि अगर 24 घंटे में सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो फिर प्रदेश में सभी निजी बसें हड़ताल पर चली जाएगी इस संबंध में मंगलवार को प्रदेश में सभी बस ऑपरेटर की एक संयुक्त बैठक आयोजित थी इस बैठक में बस ऑपरेटर ने साफ कहा है कि जब आरटीओ ने बस के सर्टिफिकेट जारी कर दिए तो फिर इसमें उनकी क्या गलती है बस ऑपरेटर का यह भी कहना है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में बेसन का माड्यूलेशन करवाना नामुमकिन है इसलिए सभी बस ऑपरेटर ने सामूहिक रूप से निर्णय लेते हुए राजस्थान सरकार के खिलाफ एक तरीके से मोर्चा खोल दिया है सरकार पर जबरदस्त प्रेशर बनाए जाने का प्रयास निजी बस संचालकों की ओर से किया जा रहा है अब देखने वाली बात यह है कि राजस्थान सरकार बस ऑपरेटर कि इस चुनौती को किस तरह से फेस करती है फिलहाल प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और



परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने पहले ही कह दिया है कि यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा और सुरक्षा मानक और परिवहन विभाग के नॉर्म्स के मुताबिक ही बस का संचालन करना पड़ेगा यानी सरकार अब किसी भी तरह से इस मामले में बैकफुट पर नहीं होना चाहती क्योंकि पिछले कुछ दिनों में जिस तरह से लगातार बड़े-बड़े भयानक सड़क हादसे हो रहे हैं उसके बाद पूरे देश में राजस्थान में हो रहे इन सड़क हादसों की चर्चा होने लगी है इसलिए सरकार अब किसी भी सूरत में बस ऑपरेटरों के दबाव में आई हुई नहीं दिख रही है उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि आरटीओ से सर्टिफिकेट लेने के बाद बस संचालक बस को मॉडिफाई करवा लेते हैं लेकिन अब इस तरह की गलती को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा दूसरी तरफ बहुत से बस ऑपरेटर खुले में कहते हैं कि पैसे लेकर आरटीओ सर्टिफिकेट देते हैं इसमें उनकी क्या गलती है लेकिन यहां यह भी समझना होगा कि नियम के अनुसार पैसा देने वाला और पैसा लेने वाला दोनों अपराधी होते हैं इसलिए भले ही बस ऑपरेटर अब आरटीओ पर पैसे लेने का आरोप लगा रहे हैं लेकिन यहां बस संचालित भी उतने ही दोषी हैं जितने आरटीओ फिलहाल मंगलवार को भी प्रदेश में स्लीपर बसों की हड़ताल जारी रही अब सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है अगर सरकार ने बस ऑपरेटर की मांग नहीं मानी तो फिर निश्चित रूप से सभी तरह की निजी बसें सड़कों पर नजर नहीं आएंगे और अगर प्रदेश में सभी निजी बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले जाते हैं तो जाहिर सी बात है प्रदेश की परिवहन व्यवस्था बुरी तरह से बिगड़ सकती है फिलहाल स्लीपर बसों की हड़ताल से ही परिवहन व्यवस्था काफी बिगड़ चुकी है और जब सभी निजी बस हड़ताल पर चली जाती हैं तो फिर किस कदर प्रदेश की परिवहन व्यवस्था बिगड़ सकती है इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है जानकारी के अनुसार मंगलवार को भी सरकार और बस ऑपरेटर के एक समूह के बीच हड़ताल को लेकर बातचीत हुई लेकिन दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई।

## मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई पैसेंजर ट्रेन, 6 यात्रियों की मौत कई घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी में टक्कर हो गई इस भीषण हादसे में आधा दर्जन यात्रियों के मौत होने की खबर मिली है तथा दर्जनों यात्री घायल हुए हैं हादसे के बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू अभियान जारी था हादसा काफी भयानक था हादसे में पैसेंजर ट्रेन के कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए इस हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई जानकारी के अनुसार यह घटना मंगलवार की शाम 4:00 बजे हुई रेलवे अधिकारियों ने सभी संसाधन मौके पर भेज दिए हैं और घायलों के इलाज के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं इस हादसे पर रेलवे का आधिकारिक बयान सामने आया है जिसमें बताया गया है कि हादसे में आधा दर्जन लोगों की मौत हुई है और कई घायल हुए हैं मौके पर मेडिकल यूनिट और डिवीजन अफसर तैनात है इस रेलवे मार्ग को बंद कर दिया गया है कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है । इस हादसे के बाद रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जिसमें आपातकालीन संपर्क के लिए बिलासपुर 7777857335,7869953330 चंपा 8085956528 रायगढ़ 9752485600 कोरबा 7869953330 पेंड्रा रोड 8294730162 जारी किया गया है यात्री एवं उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं रेलवे प्रशासन पूरी तत्परता से सहायता एवं समन्वय सुनिश्चित कर रहा है रेलवे प्रशासन की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि



बिलासपुर स्टेशन के पास लगभग मंगलवार 4:00 बजे मेमू ट्रेन का डिब्बा मालगाड़ी से टकरा गया रेलवे ने घायलों के इलाज के लिए सभी संसाधन उपलब्ध करवा दिए हैं और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किया जा रहे हैं इस हादसे के बाद रेलवे ने पीड़ितों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है रेलवे की ओर से जारी बयान में रेल मंत्री ने घटना में प्रभावित व्यक्तियों के लिए मुआवजे की घोषणा भी की है जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए घायल व्यक्तियों को 5 लाख रुपए और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख रुपए की सहायता राशि केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी इस हादसे को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव ने गहरा दुख प्रकट किया है इस हादसे में लोको पायलट असिस्टेंट और मालगाड़ी गार्ड की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है लोकल ट्रेन के ड्राइवर विद्यासागर का खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया मालगाड़ी के गार्ड शैलेश चंद्र यादव ने कूद कर अपनी जान बचाई लोकल ट्रेन के गार्ड का नाम दीक्षित है वह सुरक्षित बताया गया है ।

## आखिरकार पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे चुनाव प्रचार के लिए अंता की सड़कों पर उतरी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आखिरकार अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सोनपाल सुमन के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए अंता विधानसभा क्षेत्र में सड़कों पर मंगलवार को उतर गई वसुंधरा राजे ने क्षेत्र



में कई जगहों पर पैदल मार्च करते हुए लोगों से भाजपा के लिए समर्थन मांगा और क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ विशेष बैठक का भी आयोजन किया वसुंधरा राजे का काफी दिनों से यहां इंतजार किया जा रहा था स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी वसुंधरा राजे का इंतजार था संगठन से जुड़े नेताओं का कहना था कि वसुंधरा राजे की एक अलग छवि है क्योंकि झालावाड़ से सांसद रहने के अलावा दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रह चुकी है अंता विधानसभा सीट झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र के तहत ही आती है इसलिए जाहिर सी बात है स्थानीय लोग वसुंधरा राजे को काफी पसंद भी करते हैं पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा हो रही थी कि आखिर वसुंधरा राजे चुनाव प्रचार में यहां कब नजर आएंगी हालांकि उनके पुत्र सांसद दुष्यंत सिंह लगातार यहां चुनाव प्रचार कर रहे हैं लेकिन मंगलवार को वसुंधरा राजे पहली बार यहां चुनाव का प्रचार करती हुई दिखी वसुंधरा राजे के चुनाव प्रचार में उतर जाने के बाद निश्चित रूप से क्षेत्र के भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं के हौसले और बुलंद हुए हैं क्योंकि मंगलवार को भी जब वसुंधरा राजे क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर रही थी उस समय बड़ी संख्या मे उन्हें देखने के लिए और उनसे मुलाकात करने के लिए लोग काफी उत्सुक और बेताब दिखे इसीलिए अब लोगों का कहना है कि यहां निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार को गति मिलने के साथ-साथ यहां भाजपा की स्थिति और मजबूत होगी क्योंकि वसुंधरा राजे जादुई लोकप्रिय राजनेता है इसका भाजपा प्रत्याशी को अच्छा बेनिफिट मिलेगा जानकार लोगों का कहना है कि सोनपाल सुमन को टिकट दिलवाने में वसुंधरा राजे का बड़ा रोल रहा है जब सोनपाल सुमन नामांकन भरा रहे थे ।

CMYK

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### मतदाताओं से घर पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का लिया फीडबैक

### बीएलओ एप पर मैपिंग हो चुके जिले के 70' मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत विधानसभा क्षेत्र अलवर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर हेल्पडेस्क, गणना प्रपत्र इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र अलवर ग्रामीण के मतदान केन्द्र संख्या 105, 106 बुर्जा, 155 इन्द्रगढ, 157 बंदीपुरा, 158,159 महुआ खुर्द, 160 महुआ कलॉ, 131,132 दादर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा गणन पत्रों के वितरण कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान केन्द्र पर स्थापित हेल्प डेस्क एवं नियोजित वॉलेन्टियर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदाता मेंपिंग कार्य की समीक्षा कर मेंपिंग कार्य को अधिक से अधिक मैपिंग किये जाने के निर्देश दिये गये। बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज से प्रारम्भ हुए गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने एवं उसे भराने के कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पालना कराते हुए पूरा करावे। साथ ही निर्देश दिये कि एसआईआर की सम्पूर्ण प्रक्रिया व जानकारी मतदाताओं को देकर सुगमता व त्रुटिरहित गणना प्रपत्र भरवाए जावे। उन्होंने कहा की बीएलओ मतदाताओं को अवगत करावें कि बीएलओ एप पर मैपिंग हो चुके मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिले में अब तक 70' से अधिक मतदाताओं की मैपिंग का कार्य बीएलओ एपपर किया जा चुका है। इस प्रकार जिले के 70' मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होंगी। उन्होंने मतदान केंद्रों पर स्थापित की गई हैल्पडेस्क का निरीक्षण कर मतदाताओं को दी जा सूचनाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिये कि एसआईआर के कार्य के दौरान आईडी कार्ड पहनने, कार्य का समयबद्ध निष्पादन करने, दैनिक प्रगति का अभिलेखन बीएलओ सारांश शीट में दर्ज करने तथा बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय बनाकर एसआईआर के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं एवं बीएलए से संवाद कर एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने जिले के मतदाताओं से आह्वान किया कि 4 दिसंबर 2025 तक अपना गणना प्रपत्र नवीनतम फोटो एवं सूचनाओं के साथ अपने बीएलओ को जमा करावें। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल ने विधानसभा क्षेत्र राजगढ-लक्ष्मणगढ के बूथों एवं जिले के समस्त ईआरओ ने संबंधित विधानसभा में मतदान केंद्रों व घरों पर जाकर मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया और मतदाताओं से फीडबैक लिया तथा एसआईआर की प्रकिया के बारे जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान हेल्पडेस्क, गणना प्रपत्र इत्यादि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए एसआईआर के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा नवज्योति कावरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद रहे।

## राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम 7 नवंबर को

### जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने हेतु जिले 7 से 15 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम एवं आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत 7 नवम्बर को प्रातः 8:30 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला कलक्टर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर को नोडल अधिकारी एवं पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक को सह नोडल अधिकारी नियुक्त कर निर्देशित किया है कि विभागीय समन्वय से जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था पुख्ता रखे एवं सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर टैंट, फर्नीचर, लाइट, साउण्ड, माइक, पाव बैकअप, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, अग्निशमन वाहन, चल शौचालय, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जावे। उन्होंने पर्यटन विभाग की साहयक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यक्रम के दौरान 'वंदे मातरम थीम' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर हैल्पडेस्क भी लगाई जावे।

## शहर के सौंदर्यीकरण पर निगम की बैठक

### व्यापारिक संगठनों ने दिया सहयोग का भरोसा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर निगम कार्यालय में आयुक्त की अध्यक्षता में शहर के सभी व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए सहमति बनी कि बाजारों के प्रमुख स्थानों पर सफाई निरीक्षक और जमादारों के फोन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे तथा दुकानदार कचरा नालियों में नहीं डालेंगे। निगम समय-समय पर पेड़ों की छंटाई, ऑटो टिपर की व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों पर साइन बोर्ड लगाएगा प्रतिष्ठानों की सीमा से बाहर रखा सामान अतिक्रमण माना जाएगा और दंडात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही नाइट ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए शहर के प्रमुख बाजारों में समान आकार व रंग के विज्ञापन बोर्ड लगाने पर भी सहमति बनी।

## वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग की कार्यवाही में 22 गैस सिलेण्डर किए जब्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार घरेलू गैस की वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु अलवर शहर में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 22 गैस सिलेण्डर मय 1 मोटर, 2 रेग्यूलेटर, 1 कांटा जब्त किए गए। कार्यवाही मै0 ओमप्रकाश गैस रिफलिंग सेन्टर, बहाला बस स्टैण्ड भरतपुर रोड पर की गई। उक्त स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डरों से वाहनों में अवैध गैस रिफलिंग का कार्य किया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेण्डर्स का





व्यावसायिक उपयोग किया जाना आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने के कारण 22 गैस सिलेण्डर मय 1 मोटर, 2 रेग्यूलेटर, 1 कांटा को जब्त कर कब्जेराज लिया गया एवं सुरक्षा की दृष्टि से मै0 मोहन गैस को सुपुर्दगी में दिया गया। जांच दल में बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी, कृष्ण कुमार बॉयला, प्रवर्तन अधिकारी, अशोक कुमार शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी एंव गुलाब सिंह शामिल थे। जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में कार्यवाही जारी रहेगी।

## जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में कॉलेज स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देश अनुसार बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में 'जनजातीय गौरव दिवस' के उपलक्ष में भाषण चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन



किया गया। इसके साथ ही एक राज्य स्तरीय 'विकसित भारत 2047' तथा 'आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी' शीर्षकों पर एक राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले का नोडल केंद्र कला महाविद्यालय है। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर अशोक आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर गोविंद सिंह मीना ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अलावा दिनांक 10.11.2025 को बिरसा मुण्डा के जीवन पर महाविद्यालय में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। निबंध प्रतियोगिता की नोडल संयोजिका प्रोफेसर चंद्रेयी बनर्जी ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता के राज्य स्तर पर विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 21000 द्वितीय 11000 तृतीय 5100 एवं 18 सांत्वना पुरस्कार 1100 प्रदान किए जाएंगे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 का आगाज़, बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्रों का वितरण प्रारंभ

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राज्य के साथ-साथ खैरथल-तिजारा कार्यक्रम जिले में भी मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की औपचारिक शुरुआत की गई। अभियान के प्रथम चरण में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने का कार्य प्रारंभ हुआ। यह अभियान आगामी एक माह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके मतदाता विवरण का सत्यापन एवं अद्यतन किया जाएगा। प्रथम दिन किशनगढ़-बास विधानसभा क्षेत्र में 1139, तिजारा विधानसभा क्षेत्र में 984 तथा मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में 303 गणना प्रपत्र वितरित किए गए। इस प्रकार जिले में पहले ही दिन कुल 2426 गणना प्रपत्र घर-घर पहुंचाए गए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ तथा मतदाताओं से संवाद करते हुए अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मतदाताओं को अपने-अपने विवरण सही-सही भरकर बीएलओ को समय पर जमा कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भरने को प्राथमिकता दें, जिससे प्रक्रिया और अधिक सहज एवं पारदर्शी बन सके। इस विशेष अभियान का लक्ष्य मतदाता सूची को पूर्ण रूप से अद्यतन, सटीक एवं त्रुटि रहित बनाना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का सुगमता से उपयोग करने का अवसर मिल सके।

## सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस का बड़ा कदम

### मिशन सेफ राइड अभियान की शुरुआत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से अलवर पुलिस ने 'मिशन सेफ राइड' नामक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का मकसद सड़क पर सुरक्षित वातावरण तैयार करना और आमजन में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है अलवर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और 'मिशन सेफ राइड' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालक, रॉन्ग साइड चलने वाले और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग स्वेच्छा से ट्रैफिक नियमों के पालन को अपनी जिम्मेदारी समझें। एसपी चौधरी ने कहा कि 'यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है।' उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें, जिससे अलवर जिला सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त और सुरक्षित यात्रा का उदाहरण बन सके।

## भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** कम्पनी बाग में मंगलवार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनिवास बरवाड़ा ने की बैठक में जिला आईटी सेल प्रभारी संजय कोठारी ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले चुनावों को पूरी मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी आमजन की आवाज बनकर हर स्तर पर न्याय के लिए संघर्ष करेगी संजय कोठारी ने कहा कि यदि डॉ दीपक गुप्ता की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो कार्यकर्ता जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे, अन्यथा अलवर बंद का आह्वान किया जाएगा बैठक में जिला उपाध्यक्ष रवि वर्मा, पूर्व प्रदेश आईटी सेल सह प्रभारी अनिल जोनवाल, जिला महासचिव भगवान दास, जिला सचिव दीपक रावण, संगठन मंत्री प्रभुदयाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लाल, डॉ. चरण सिंह, राकेश चिकानी, रिंकू जाटव, विजय आजाद, संजय जाटव, भागचंद जाटव, मानसिंह जाटव, अशोक जाटव मौजूद रहे।

## यज़-हवन व भोग प्रसाद बाद शुरु हुआ मथुराधीश महाराज मंदिर में अंकूट महोत्सव

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से सम्पन्न हुए पांच दिवसीय कार्तिक महात्म कथा व तुलसी विवाह के समापन मंगलवार को यज़हवन व भोग प्रसादी के बाद शुरु हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन। जिसमें बडी संख्या में शहर की महिलाओं ने भाग लिया ओर पंगत में बैठकर प्रसादी पाई। समिति अध्यक्ष महंत जितेन्द्र खेड़ापति ने बताया कि त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय कार्यक्रम कार्तिक महात्म कथा, तुलसी विवाह मंगलवार को हवन यज़ के साथ भगवान को भोग अर्पित कर अन्नकूट भंडारा प्रारंभ किया गया कन्या व संतों के भंडारे के पश्चात आम जन ने हज़ारों की संख्या में मथुराधीश मंदिर पहुंचकर प्रसाद पाया शाम को संध्या आरती से पूर्व भगवान को छप्पन भोग की झांकी सजाई गई व दीपदान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# राजस्थान में पहली बार दुर्लभ लिवर बीमारी का सफल इलाज- दुनिया में अब तक बेहद कम केस रिपोर्ट हुए

### राजस्थान में पहला ऐसा सफल इलाज

### दुनिया की दुर्लभतम जन्मजात बीमारियों में से एक

### अब तक दुनियाभर में 15-20 और भारत में केवल 2-3 केस रिपोर्ट



जयपुर टाइम्स

**अलवर/जयपुर।** इटर्नल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक दिन के नवजात शिशु की जान बचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह बच्चा कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन (॥ङ्करू) नामक अत्यंत दुर्लभ जन्मजात बीमारी से पीड़ित था। यह राजस्थान का पहला सफल इलाज है। दुनियाभर में अब तक केवल 15-20 और भारत में 2-3 केस ही रिपोर्ट हुए हैं। डॉ. अनुराग गुप्ता मुख्य इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने डॉ. ऋचा वैष्णव (गायनोकोलॉजी एवं ऑब्सटेट्रिक्स), डॉ. राजकुमार गोयल (पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी) और अन्य समर्पित टीम सदस्यों के साथ मिलकर इस नैदानिक सफलता की कहानी को बुना – यह टीमवर्क और समन्वित देखभाल का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### समय पर पहचान और एनआईसीयू देखभाल

गर्भावस्था के 32वें सप्ताह में सोनोग्राफी के दौरान बच्चे के लिवर में नसों का एक असामान्य गुच्छा दिखाई दिया। इस कारण खून सीधे लिवर से हृदय की ओर जाने लगा, जिससे हृदय पर अत्यधिक दबाव पड़ा और हार्ट फेलियर की स्थिति बन गई। डॉ. ऋचा वैष्णव ने इस असामान्य स्थिति को गर्भावस्था के दौरान ही पहचाना और फेटल मॉनिटरिंग जारी रखी। जब हृदय पर दबाव बढ़ता दिखा, तो उन्होंने समय से पहले डिलीवरी करवाने का निर्णय लिया। डिलीवरी के बाद नवजात को डॉ. राजकुमार गोयल की देखरेख में एनआईसीयू में रखा गया। मल्टीडिसिप्लिनरी टीम ने 2ष्ठ ईको और क्लिनिकल मॉनिटरिंग से स्थिति का आकलन किया। चूंकि बच्चे की हालत बड़ी मालफॉर्मेशन के कारण सुधेर नहीं रही थी, इसलिए टीम ने डॉ. अनुराग गुप्ता (कंसल्टेंट - इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) के मार्गदर्शन में इंटरवेंशन करने का निर्णय लिया।

### बिना सर्जरी हुआ जीवनरक्षक इंटरवेंशनल प्रोसीजर

डॉ. अनुराग गुप्ता और उनकी टीम ने बेहद पतली जांघ की नस के माध्यम से कैथेटर को लिवर तक पहुंचाया और उस असामान्य नसों के गुच्छे तक पहुँचे, जो लगभग हृदय के आकार से भी बड़ा था। उन्होंने सुरक्षित तरीके से लगभग 70' असामान्य रक्त वाहिकाओं को मेडिकल-ग्रेड ग्लू से बंद किया, जिससे हृदय की विफलता पूरी तरह ठीक हो गई। शेष हिस्सा दवाओं से धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगा। इस दृष्टिकोण से जोखिम न्यूनतम रखते हुए जीवनरक्षक परिणाम सुनिश्चित हुआ। प्रोसीजर के बाद नवजात को कुछ दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया और बाद में रूम एयर पर सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया। डॉ. अनुराग गुप्ता ने बताया, 'इतने छोटे नवजात में यह प्रोसीजर करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। नसें बेहद पतली थीं और ज़रा सी गलती से जान को खतरा हो सकता था। लेकिन सटीक योजना, अत्याधुनिक तकनीक और टीमवर्क से प्रोसीजर पूरी तरह सफल रहा।'

### रिकवरी और डिस्चार्ज

डॉ. राजकुमार गोयल और उनकी टीम ने बच्चे की हृदय और लिवर कार्यप्रणाली की लगातार निगरानी की। कुछ ही दिनों में बच्चा रूम एयर पर स्थिर, मां का दूध ले रहा था और सुरक्षित रूप से डिस्चार्ज हो गया।

### दुर्लभ बीमारी के इलाज में बड़ी सफलता

कॉनजेनिटल हेपेटिक आर्टेरियोवीनस मालफॉर्मेशन बहुत दुर्लभ और जटिल बीमारी है। समय पर पहचान और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के बिना परिणाम अक्सर घातक होते हैं। यह सफलता इटर्नल हॉस्पिटल के मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के समन्वय से ऐसे जटिल और जानलेवा मामलों का सफल समाधान किया जाता है। मंजू शर्मा (को-चेयरपर्सन) और डॉ. प्राचीश प्रकाश (सीईओ) ने डॉक्टरों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि, 'यह उपलब्धि इटर्नल हॉस्पिटल की अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और विश्वस्तरीय नवजात देखभाल के प्रति समर्पण को दर्शाती है।'

# मनचले लड़कों पर भजनलाल सरकार का हंटर, बालिकाओं को छेड़ा तो बालिकाओं से ही पीटेंगे

## पीएम श्री स्कूल की छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग : पुलिस करेगी प्रशिक्षित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में अब मनचले युवकों की खैर नहीं अगर अब मनचले युवक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रों के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो फिर उन्हें बालिकाओं से पीटने के लिए भी तैयार हो जाना चाहिए क्योंकि प्रदेश की भजन लाल सरकार अब बालिकाओं को आत्मरक्षा और उनमें आत्म बल पैदा करने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है जिसमें प्रदेश में पीएम श्री स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 6 से कक्षा 12 की छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी जाएगी इसके लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक कार्य योजना तैयार की है इस कार्य योजना में राजस्थान पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है राजस्थान पुलिस के जवान और अधिकारी बालिकाओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देने के लिए खुद स्कूल जाएंगे और उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित करेंगे स्कूलों में बालिकाओं को मार्शल आर्ट से प्रशिक्षित करने के पीछे प्रदेश के शिक्षा विभाग का मकसद है कि इस कार्यक्रम से एक तरफ जहां बालिकाएं आत्मरक्षा के लिए खुद को पूरी तरह से तैयार समझेंगे तो दूसरी तरफ उनमें आत्म बल भी पैदा होगा जिसके माध्यम से विकट और कठिन परिस्थिति में वह खुद को अपने प्रयासों से ही सुरक्षित बचा लिया करेंगे यह उनकी एक एक्स्ट्रा क्वालिटी होगी इस एक्स्ट्रा क्वालिटी से उनके व्यक्तित्व में निखार आएगा इसके लिए पुलिस के अधिकारी और जवान खुद स्कूल जाएंगे और बालिकाओं को बाकायदा पूरी तरह से पारंगत करेंगे फिलहाल यह विशेष कार्यक्रम पीएम श्री स्कूल में ही आयोजित किए जाएंगे हर स्कूल में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेने वाली छात्राओं में 20 से 30 श्रेष्ठ बालिकाओं का चयन किया जाएगा में चयनित बालिकाओं को बाकायदा ट्रैकसूट जूते इत्यादि उपलब्ध करवाए जाएंगे इसके लिए प्रति बालिका 750 रुपए आवंटित किए जाएंगे मार्शल आर्ट में चयनित बालिकाएं गणतंत्र दिवस स्वतंत्रता दिवस और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बाकायदा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी करेगी जानकार लोगों का कहना है की राजधानी जयपुर में ही मनचले लड़के गर्ल्स स्कूल और गर्ल्स कॉलेज के आसपास घूमते रहते हैं और यह मनचले लड़के स्कूल से घर और घर से स्कूल आते जाते समय बालिकाओं को कई तरह से परेशान भी करते रहते हैं इस तरह की शिकायत भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कई बार पत्रकारों से भी बातचीत के दौरान कहीं इस तरह की घटनाएं जयपुर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में होती रहती हैं हालांकि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए राजस्थान पुलिस ने अपने स्तर पर हर तरह के प्रयास भी किए हैं इसके लिए राजस्थान पुलिस की महिलाओं की एक अलग से विंग स्थापित की गई हैं जो बराबर नजर रखती हैं लेकिन इसके बावजूद भी कई बार बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने की घटनाएं देखने को मिली है इसलिए अब प्रदेश सरकार बालिकाओं को ही मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित करके उन्हें आत्मरक्षा करने के लिए तैयार कर रही हैं जो काफी अच्छा प्रयास है ।



## वसुंधरा राजे की प्रेस कॉन्फ्रेंसः अंता विधानसभा सीट पर जन बल जीतेगा, धनबल हारेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र का यह उपचुनाव जनबल और धनबल के बीच है।एक तरफ़ जनबल मतलब जनता की ताक़त है तो दूसरी तरफ़ धनबल अर्थात पैसों की ताक़त है।जनबल हमारे साथ है।इसलिए तय मानिये जनबल जीतेगा और धनबल हारेगा। वे मंगलवार को बारां में मीडिया से बात-चीत कर रही थी उन्होंने कहा कि यहाँ की माँग के अनुरूप ही भाजपा ने मोरपाल सुमन को प्रत्याशी बनाया हैजो पूरी तरह स्थानीय है।मोरपाल की पत्नी का पीहर मांगरोल है इसीलिए वह भी स्थानीय है।मोरपाल अन्य प्रत्याशियों की तरह दूसरे विधानसभा क्षेत्र के नहीं हैं।इसलिए मतदाताओं पर पहला हक मोरपाल का है। राजे ने कहा कि ये चुनाव मोरपाल नहीं ये चुनाव अन्ता की जनता लड़ रही हैं।मोरपाल की जीत ही अन्ता विधानसभा क्षेत्र की जीत होगी।उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों को एक वोट में तीन जनप्रतिनिधि मिल रहें है।मोरपाल,मैं और सांसद दुष्यंत सिंह।इसके अलावा विकास के लिए भाजपा की सरकार।इसके बाद वे सीसवाली व अन्ता पहुची जहाँ उन्होंने सीसवाली मंडल और अन्ता शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली।उनके साथ सांसद दुष्यंत सिंह थे।



## नाथद्वारा नगर पालिका के कर्मचारी ने खुद के पेट में चाकू मारा, ऑफिस में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में नाथद्वारा स्थित नगर पालिका के दफ्तर में पालिका के ही एक कर्मचारी ने खुद ही अपने शरीर पर चाकू से कई बार वार किया जिसकी वजह से वह घायल हो गया चाकू घायल युवक के पेट में ही फंसा हुआ है जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में लाया गया लेकिन हालात को गंभीर देखते हुए उसे उदयपुर के जिला सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया है इस घटना के बाद पालिका के दफ्तर में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई है जानकारी के अनुसार घायल कर्मचारी का नाम फिरोज है जो पिछले कुछ दिनों से परेशान चल रहा था वह किस कारण की वजह से परेशान है इसके बारे में खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं मिल पाई अब पुलिस की जांच पड़ताल में ही सामने आएगा कि फिरोज किस वजह से परेशान था वह पालिका प्रशासन से जुड़े लोगों से परेशान था या फिर कोई घरेलू कारण या कोई और कोई वजह है जिसकी वजह से वह परेशान था इन सवालों के जवाब फिरोज से ही मिल सकते हैं इसलिए फिलहाल फिरोज के ठीक होने का इंतजार किया जा रहा है लेकिन उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है ।

## साइबर थाने की छत का प्लास्टर गिरने से आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने भाग कर बचाई जान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिलाधीश कार्यालय में मौजूद साइबर थाने की छत का प्लास्टर मंगलवार को अचानक गिर गया जिसकी वजह से मौके पर काम कर रहे आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई बड़ी बात यह है कि यह थाना जिलाधीश कार्यालय के भवन की ऊपरी मंजिल पर स्थित है और पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से थाने की बिल्डिंग को जर्जर भवन भी घोषित किया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद भी इस भवन की मरमत नहीं करवाई जा रही जो चिंता का विषय है जबकि जिलाधीश इसी बिल्डिंग में बैठते हैं पुलिस कर्मियों का कहना है कि भगवान की कृपा से उनकी जान बच गई अन्यथा जिस तरह से प्लास्टर गिरा है उनका बचाना काफी मुश्किल था पुलिस कर्मियों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से जर्जर भवन घोषित किए जाने के बावजूद भी इस भवन की मरम्मत नहीं करवाई जा रही जो चिंता का विषय है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रदेश में झालावाड़ में हुए स्कूल हादसे के बाद प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सभी स्कूलों और सरकारी भवनों की स्थिति का आकलन करवाया था और प्रदेश भर के जर्जर भवन और स्कूलों की रिपोर्ट बाकायदा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगवाई थी मुख्यमंत्री को रिपोर्ट पेश भी की गई मुख्यमंत्री ने इन जर्जर भवन की मरम्मत के लिए और जो भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं उन्हें ध्वस्त करके उनका फिर से निर्माण करने के लिए बजट भी मंजूर किया था लेकिन यह बड़ी चिंता का विषय है कि जिलाधीश कार्यालय में ही मौजूद साइबर थाने के भवन कि अब तक मरमत नहीं करवाई गई अगर जिस समय प्लास्टर गिरा उस समय वहां काम कर रहे किसी पुलिस कर्मी की मौत हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता ।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बड़ी बैठक, समन्वयकों की क्लास लेंगे डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कांग्रेस पार्टी की ओर से मॉनिटरिंग एवं सजगता हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु पार्टी द्वारा नियुक्त समन्वयकों कि बैठक लेकर उन्हें महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जिसमें प्रदेश की मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होना है कि मॉनिटरिंग करने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में इस अभियान हेतु कांग्रेस पार्टी की ओर से समन्वयक नियुक्त किए गए है, जो विधानसभा क्षेत्र के बीएलए के साथ मिलकर मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के कार्य पर नजर रखेंगे और अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस द्वारा नियुक्त बीएलए को इस अभियान हेतु सभी विधिक जानकारियां उपलब्ध करवाएंगे। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रातः 10.00 बजे तथा दोपहर 02.00 बजे दो चरणों में सभी समन्वयकों, विधायक, विधायक प्रत्याशियों की बैठक होगी जिसमें एसआईआर की प्रक्रिया एवं विधिक बिंदुओं की जानकारी दिए जाने के साथ विशेष दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जाएंगे।



## सचिन पायलट का अंता में आज रोड शोः डोटासरा ने डाला डेरा





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** 11 नवंबर को अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता जो अब तक चुनाव प्रचार में नजर नहीं आ रहे थे वह अब चुनाव प्रचार में नजर आने लगे हैं यहां तक की राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनाव प्रचार के लिए अंता विधानसभा क्षेत्र में अपना डेरा जमा लिया है सोमवार को गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने यहां जोरदार चुनाव प्रचार किया था और कई जगह पर जाकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट मांगे थे अब राजस्थान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आज यहां चुनाव प्रचार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं जानकारी के अनुसार अंता में सचिन पायलट का रोड शो का आयोजन रखा गया है इस रोड शो के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है अंता विधानसभा क्षेत्र में करीब 10000 गुर्जर समाज के मतदाता हैं हालांकि सचिन पायलट हर जाति और बिरादरी के लोगों में लोकप्रिय हैं फिर भी उनके यहां चुनाव प्रचार से गुर्जर समाज के मतदाताओं का समर्थन हासिल करने का कांग्रेस पार्टी प्रयास कर रही है क्योंकि सचिन पायलट गुर्जर समाज से ताल्लुक रखते हैं हालांकि गुर्जर समाज के ही प्रहलाद गुंजल ने मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में चुनाव प्रचार किया और कई जगहों पर सभाओं को भी संबोधित किया डोटासरा भी पूरे विधानसभा क्षेत्र को कवर करने का प्रयास कर रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा इलाकों में जाकर कांग्रेस के लिए वोट मांगते हुए नजर आ रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के चुनाव प्रचार में उतर जाने के बाद कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों की धड़कनें तेज हो गई है क्योंकि कांग्रेस के रणनीति का वसुंधरा राजे की लोकप्रियता को अच्छी तरह से जानते हैं वसुंधरा राजे इस क्षेत्र से सांसद भी रह चुके हैं और वर्तमान में उनके पुत्र यहां से सांसद हैं इसलिए वसुंधरा राजे का चुनाव प्रचार में उतर जाना कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है शायद यही वजह है कि सचिन पायलट का यहां रोड शो का आयोजन करवा कर कांग्रेस पार्टी अपने चुनाव प्रचार को मजबूती देने का प्रयास कर रही है ।

## वंदे मातरम राजनीति करने का नहीं, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का अभियान : राठौड़

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में भव्य उत्सवों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में राजस्थान प्रदेश में भी वंदे मातरम् 150 अभियान को जनभागीदारी के महाउत्सव के रूप में मनाने की तैयारी की गई है। राठौड़ ने बताया कि प्रदेश स्तरीय मुख्य आयोजन 7 नवम्बर को एस.एम.एस. स्टेडियम जयपुर में होगा इसमें सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर के बाद प्रदेश के सभी प्रमुख जिलों अजमेर ,बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर ,कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा और अलवर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राठौड़ ने कहा कि वंदे मातरम् का अर्थ है माद्रे वतन को सलाम। यह राजनीति करने का नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने का अभियान है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक इस अभियान से जुड़कर देशभक्ति की भावना को सशक्त करे। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष दोनों में राष्ट्रप्रेम की भावना समान रूप से प्रबल होनी चाहिए। यदि आज भी कुछ लोगों को वंदे मातरम से आपत्ति है, तो यह राष्ट्रभावना की कमी को दर्शाता है। जिस व्यक्ति को देश या सेना के अपमान की चिंता नहीं है, उसमें राष्ट्रभक्ति का अभाव है और ऐसे लोगों में राष्ट्रभावना जागृत करने की आवश्यकता है। आज भी देश में ऐसे व्यक्ति है जिन्हें अपने परिवार की चिंता है अपने परिवार को सुदृढ़ करने की भावना अधिक है यह राष्ट्र भक्ति की कमी नहीं है तो क्या है! ऐसे व्यक्तियों में राष्ट्र की भावना जागृत करने की जरूरत है। मदन राठौड़ ने बताया कि वंदे मातरम 150 केवल एक उत्सव नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय एकता का जनआंदोलन है। यह अभियान हर नागरिक में देशप्रेम और राष्ट्रनिष्ठा की भावना को सशक्त करेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर पर वंदे मातरम् की भावना से जुड़ें और इस गीत को पुनः भारत के हृदय में नई ऊर्जा और उत्साह का प्रतीक बनाएं। राठौड़ ने बताया कि एक ओर हम वंदे मातरम् के 150वां वर्ष मना रहे है, वहीं दूसरी ओर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी हर्षोल्लास से मना रहे है। ये कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणादायक बनेंगे। भाजपा इतिहास पुरुषों का स्मरण करती है, महिमा मंडन करती है तो इसमें भी विपक्ष को राजनीति नजर आती है, लेकिन ये कार्यक्रम राष्ट्र भक्ति की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से किए जा रहे है। विपक्ष को भी ऐसे महापुरुषों के स्मरण में कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। प्रेसवार्ता में अभियान के प्रदेश संयोजक भूपेन्द्र सैनी ,सह संयोजक प्रेम सिंह बनवासा, प्रीति शर्मा और प्रदेश मीडिया विभाग के सह संयोजक पंकज मीणा उपस्थित रहे।

## नकली डीएपी खाद बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, खाद से भरे 88 बैग और कई उपकरण बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पुलिस जिला प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से प्रदेश के जैसलमेर में उदय नगर में डीएपी खाद की नकली फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया यहां खाद से भरे 88 बैग और और भारी मात्रा में साजो समान तथा उपकरण बरामद किए गए हैं ।फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोगों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है और फैक्ट्री के बारे में गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है फैक्ट्री कब से संचालित है फैक्ट्री से पैकिंग किए गए खाद का कहां-कहां वितरण किया जाता है अब तक अब तक यहां से कितनी मात्रा में खाद्य वितरण किया जा चुका है इन सब सवालों के जवाब ढूंढने के प्रयास किया जा रहेहैं कृषि विभाग के जिले से जुड़े अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे फैक्ट्री विभागीय और सरकारी नॉर्म्स के मुताबिक संपादित हो रही है या फिर अवैध रूप से यहां संचालित हो रही है यह भी जांच का विषय है फैक्ट्री से बरामद किए गए खाद के सैंपल की भी जांच करवाई जा रही है लेकिन मौका अलामत और मौके पर मौजूद सामग्री और उपकरणों के आधार पर मौके पर मौजूद अधिकारी भी बरामद किए गए खाद को नकली मान रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में नकली खाद और बीज बनाने का गोरख धंधा जारी है हालांकि प्रदेश के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने भी प्रदेश भर में कई जगहों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर नकली खाद और बीज बनाने के कारखाने पकड़े हैं कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है लेकिन इसके बावजूद भी जैसलमेर के उदय नगर में जिस तरह से यह नकली खाद की फैक्ट्री पकड़ी गई उससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश में नकली खाद और बीज बनाने वालों के हौसले कितने बुलंद हैं जानकार लोग यह भी कहते हैं कि ऐसा पहली बार देखने को मिला जब प्रदेश के कृषि मंत्री ने आगे बढ़कर बड़ी संख्या में नकली खाद और बीज के कारखाने का खुलासा किया अन्यथा प्रदेश में कभी पहले इस तरह की कार्रवाई देखने को नहीं मिली इसी की वजह से प्रदेश में नकली खाद और बीज बनाने वाले लोगों के हौसले बुलंद होते रहे और वह अपने कारोबार को पूरे प्रदेश में जमाते रहे इसलिए एक के बाद एक जिस तरह से नकली खाद और बीज की फैक्ट्रियां पकड़ी जा रही हैं उससे ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं प्रदेश के किसानों के साथ ही नहीं बल्कि प्रदेश के लोगों की सेहत के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है इस मामले में प्रदेश सरकार को और कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है।



## जनजाति समाज को मुख्यधारा से जोड़ना भाजपा का संकल्पः मदन राठौड़



### जनजाति नायकों ने देश की रक्षा में दिया अमूल्य योगदान : खराड़ी,बिरसा मुंडा जनजाति गौरव दिवस पर 9 से 15 नवंबर तक मनाया जाएगा जनजाति गौरव सप्ता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर भगवान बिरसा मुंडा जनजाति गौरव दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में जनजाति समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन बलिदान करने वाले जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। यह न केवल इतिहास के पुनर्लेखन का कार्य है, बल्कि देश की असली आत्मा को सम्मान देने का प्रयास भी है। 9 से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव सप्ताह के दौरान प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे, जिनमें राष्ट्र के जननायकों का गौरव गान किया जाएगा। यह गौरव गान नई पीढ़ी को राष्ट्र और संस्कृति के प्रति गर्व से जोड़ने का माध्यम बनेगा। राठौड़ ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही वह कार्य किए जिन्हें आने वाली पीढ़ियां सदैव स्मरण रखेंगी। उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों और ईसाई मिशनरियों के दुष्प्रभावों का विरोध किया तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा की। जनजाति समाज के अनेक वीर सेनानियों ने भी समाज में फैली कुरीतियों और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। राठौड़ ने कहा कि विदेशी ताकतें वर्षों से जनजातियों की संस्कृति को कमजोर करने का प्रयास करती रही हैं, जिनसे अब डटकर निपटने की आवश्यकता है। भाजपा ही वह राजनीतिक शक्ति है जिसने जनजातियों के कल्याण और उनके उत्थान के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को मुख्यधारा से जोड़ना भाजपा का संकल्प है। सरकार के जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। रामायण और महाभारत काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक, जनजाति नायकों ने देश की रक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर सभी जिलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। साथ ही, जनजाति महापुरुषों की स्मृति में प्रतिमाएं, पैनोरमा और स्मारक बनाए जाएंगे। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय जनजाति नीति अंग्रेजों के विचारों पर आधारित थी, जबकि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारतीय चिंतन के अनुरूप जनजाति समाज के विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज को भड़काने और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु भाजपा कार्यकर्ताओं को जनजाति समाज के बीच जाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना होगा। बैठक को पूर्व सांसद कनकमाल कटारा ने भी संबोधित किया।

## सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के तहत चौमूं के हाड़ौता में गुरुवार को होगी 'नारी चौपाल'

**जयपुर** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जयपुर जिले के प्रत्येक उपखंड पर नारी चौपाल आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 6 नवंबर को चौमूं के हाड़ौता स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में चौपाल होगी। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नारी चौपाल के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं एवं आयोजन में अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये हैं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस मृणाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाना है। नारी चौपाल में महिलाओं को सरकार की योजनाओं, अधिकारों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि चलने वाली चौपाल में नुक्कड़ नाटक, मारवाड़ी गीत, आत्मरक्षा प्रशिक्षण सहित अन्य गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। नारी चौपाल के माध्यम से समाज में लिंगानुपात सुधार, महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया जाएगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं, नियमों और अधिनियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि समतामूलक समाज का निर्माण हो सके। नारी चौपाल कार्यक्रमों में महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# प्रदर्शन का जरिया बनी राजनीति



*इससे पहले 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में 241 विजेता सदस्यों में से 163 (68 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। यह आंकड़ा 2015 में 58 प्रतिशत था। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार लोकसभा में 543 सदस्यों में से 251 सदस्य ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ तो गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। विधानसभाओं का परिदृश्य भी अलग नहीं है। 28 राज्यों एवं तीन केंद्रशासित प्रदेशों के 4092 विधायकों में से 1861 (45 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में खुद के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। राजनीति का अपराधीकरण चुनाव दर चुनाव संस्थागत होता जा रहा है। वर्तमान लोकसभा में 93 प्रतिशत सदस्य करोड़पति हैं। 2009 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत, 2014 में 82 प्रतिशत और 2019 में 88 प्रतिशत था। 2024 में पुनः चुनाव लड़ रहे सांसदों की औसत परिसंपत्तियां पांच वर्षों में*

महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण आदि ने भारतीय राजनीति में सरल जीवन, सादगी, संयम और उच्च विचार की भावना को बढ़ावा दिया, लेकिन बीते दो-तीन दशकों में भारतीय लोकतंत्र का मूल उद्देश्य प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और लोकसेवा की जगह बाहरी आडंबर, चमक-दमक और महंगे प्रचार तंत्र की ओर झुका हुआ दिखता है। पहले नेता साधारण कारों से यात्रा करते थे, आज उनके काफिले में 40-50 महंगी गाड़ियां होना सामान्य है। नेताओं के साथ दौड़ते वाहनों की कतारें, हूटर, कमांडो स्टाइल सुरक्षा और समर्थकों के बीच शक्ति-प्रदर्शन का माहौल अपने आप में नई तरह की राजनीति का संदेश देता है। राजनीति अब विचार, नीति और काम की जगह दिखावे की भाषा बोल रही है। यह दृश्य अब आम हो गया है, पर क्या यह लोकतंत्र की भावना को दर्शाता है या एक नई राजनीति की पहचान है, जहां सत्ता प्रदर्शन का माध्यम बन गई है? इन दिनों बिहार में विधानसभा का चुनाव हो रहा है। राज्य में चुनाव प्रचार के नाम पर पैसे और प्रभाव का प्रदर्शन हो रहा है। इसे बाहुबली छवि वाले प्रत्याशी खास तौर पर कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार प्रथम चरण के मतदान के लिए खड़े हुए कुल 1303 उम्मीदवारों में से 423 (32 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें 354 उम्मीदवारों (27 प्रतिशत) ने बताया है कि उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में 241 विजेता सदस्यों में से 163 (68 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। यह आंकड़ा 2015 में 58 प्रतिशत था। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) के विश्लेषण के अनुसार लोकसभा में 543 सदस्यों में से 251 सदस्य ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ तो गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। विधानसभाओं का परिदृश्य भी अलग नहीं है। 28 राज्यों एवं तीन केंद्रशासित प्रदेशों के 4092 विधायकों में से 1861 (45 प्रतिशत) ने अपने हलफनामे में खुद के खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। राजनीति का अपराधीकरण चुनाव दर चुनाव संस्थागत होता जा रहा है। वर्तमान लोकसभा में 93 प्रतिशत सदस्य करोड़पति हैं। 2009 में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत, 2014 में 82 प्रतिशत और 2019 में 88 प्रतिशत था। 2024 में पुनः चुनाव लड़ रहे सांसदों की औसत परिसंपत्तियां पांच वर्षों में 43 प्रतिशत बढ़ीं। यह आंकड़ा बताता है कि सत्ता तक पहुंच आर्थिक पूंजी को तेजी प्रदान करती है। कारों के काफिले की लंबाई और 'शो-आफ' का बजट यहीं से आता है। यह बदलाव नई राजनीति की पहचान है, जहां नेता राजा जैसे दिखते हैं। लोकतांत्रिक राजनीति में भीड़ और जुलूस का परंपरागत स्थान रहा है, परंतु आज यह केवल समर्थन नहीं दर्शाता, बल्कि प्रभुत्व का संकेत देता है। गाड़ियों का लंबा काफिला यह 'आश्वस्ति' देता है कि नेता 'ताकतवर' है और 'अपने लोगों' की 'रक्षा' कर सकता है। यही मनोविज्ञान चुनाव-पूर्व डर और समर्पण पैदा करता है। इंटरनेट मीडिया के ड्रोन शाट्स और रील्स ने इसे और बढ़ाया है। काफिला जितना बड़ा और सिनेमाई दिखे, नेता को उतना ज्यादा बड़ा माना जाता है। बड़े काफिले, भव्य मंच, चौबीसों घंटे ब्रांडिंग, एआइ संचालित वीडियो और डिजिटल विज्ञापनबाजी अब राजनीति का केंद्रीय आधार बन चुके हैं। यह टिकट वितरण, उम्मीदवारी, नीति-निर्माण और मतदाता को भी प्रभावित करते है। इसी खिड़की से अपराध और धनशक्ति का गठजोड़ लोकतंत्र के भीतर न्यू नार्मल बनता दिख रहा है। सेंटर फार मीडिया स्टडीज ने 2024 के लोकसभा चुनाव का कुल अनुमानित खर्च एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक आंका। तब 9,000 करोड़ के आसपास की नकदी, शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं और 'फ्रीबीज' की जब्तियां हुई थीं। यह आंकड़ा प्रचार-युद्ध के शीर्ष-स्तर को परिभाषित करता है और यह भी इंगित करता है कि निर्वाचन की प्रक्रिया भारत में विश्व की सबसे महंगी लोकतांत्रिक कवायदों में से एक बन चुकी है। सही मायने में यह चुनावी वित्त और आपराधिक नेटवर्क के गठजोड़ की गवाही है। जब चुनावी दान नीति-निर्माण को प्रभावित करे तो जनहित का स्थान 'रिटर्न-आन-इन्वेस्टमेंट' ले ही लेगा। नियमों को सख्ती से लागू करके इस संरचना को बदलना होगा। हमें राजनीति में गांधी, शास्त्री और पटेल जैसे आदर्शों की पुनर्स्थापना करनी होगी। दलों को टिकट बांटने में योग्यता, चरित्र और सेवा को तरजीह देनी चाहिए, न कि चमक-धमक को। जब अपराधी-नेटवर्क और धनशक्ति टिकट-वितरण का आधार बनेंगे तो ईमानदार कार्यकर्ता हतोत्साहित होंगे। मीडिया को भी अपनी जिम्मेदारी समझकर जांच-पड़ताल और तथ्यपरक पत्रकारिता को बढ़ावा देना होगा।

## सम्पादकीय

### सड़कों पर जगह-जगह गति मापक यंत्र लगाए जाने के किए जाते हैं दावे



सरकार के तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद देश भर में सड़क हादसों की रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चाहे वाहन में सवार लोग हों या फिर पैदल यात्री, सड़क पर चलना किसी के लिए भी खतरे से खाली नहीं रह गया है। दुर्घटनाओं के लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करना, लापरवाही या तेज गति से वाहन चलाना और सड़क निर्माण एवं देखरेख में खामियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। मगर सवाल है कि इन व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने का दायित्व किसका है? गौरतलब है कि तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह बजरी से लदे एक ट्रक और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इससे पहले, रविवार को राजस्थान के फलोदी में दो वाहनों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में बस और जीप आपस में टकरा गए। सोमवार को जयपुर के हरमाड़ा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मारी दी। इन हादसों में पचास से अधिक लोगों की जान चली गई। सरकार और प्रशासन की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिनमें यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, दुर्घटना संभावित स्थलों को चिह्नित करना, सड़क निर्माण की गुणवत्ता और देखभाल की निगरानी करना शामिल हैं। मगर, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की हाल की एक रपट कुछ और ही सच्चाई बयां करती है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में 1.72 लाख लोगों की जान सड़क हादसों में गई है और यह आंकड़ा वर्ष 2022 के मुकाबले 2.6 फीसद अधिक है। इनमें से 68 फीसद से ज्यादा मौतें तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई हैं। साफ है कि सरकार की ओर से सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जो सुधारात्मक योजनाएं और उपाय किए जाते हैं, वे प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रहे हैं। आखिर इन योजनाओं को सरकारी कागजों से बाहर निकालकर सही मायने में जमीन पर उतारने में गंभीरता क्यों नजर नहीं आती है? जयपुर के हरमाड़ा में जो सड़क हादसा हुआ, उसका मंजर तो किसी फिल्म के डरावने दृश्य की तरह था। एक ट्रक ने पहले कार को टक्कर मारी और फिर वह तेज रफ्तार से कई वाहनों को रौंदता हुआ आगे निकल गया। इस घटना की प्रारंभिक जांच में लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आई है। सवाल है कि अगर सड़कों पर इस तरह की भयानक घटनाएं होती हैं, तो वाहनों में सवार और पैदल यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? सड़कों पर जगह-जगह गति मापक यंत्र लगाए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन क्या यह व्यवस्था ठीक से काम कर पा रही है। अगर नियमों का उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाती है, तो फिर तेज गति से वाहन चलाने वालों के हौसले बेलगाम क्यों हैं? जाहिर है, व्यवस्था में कहीं न कहीं लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खमियाजा निर्दोष लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि वाहनों की रफ्तार से लेकर सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता तक की निगरानी के लिए एक सशक्त तंत्र बनाया जाना चाहिए। साथ ही गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाले प्राधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी सख्त जरूरत है, तभी सड़कें आम लोगों के लिए सुरक्षित बन पाएंगी।

## फिर संघ के पीछे पड़ी कांग्रेस



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और खुद को सेक्युलर बताने वाली कांग्रेस फिर आमने-सामने हैं। ताजा विवाद कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से जुड़ा हुआ है। पिछले दिनों कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि निजी संगठन, व्यक्तियों के समूह और संघ के लिए सरकारी परिसर के उपयोग हेतु पूर्व अनुमति अनिवार्य है। हाई कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री ने सनातन परंपरा पर हमला बोलते हुए यह भी कहा था, 'अपनी संगति सही रखें। सनातनियों और संघियों से दूर रहें।' उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने पर वे संघ को प्रतिबंधित कर देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी संघ पर प्रतिबंध की जरूरत जताई है। उनके बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने भी संघ पर हमला बोला। नियम अनुसार सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक दल या संगठन से संबंध नहीं रख सकता और उसकी गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकता। केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेंट्रल सिविल सर्विसेज कंडक्ट (1964) के अधीन कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पर प्रतिबंध था। बाद में इसे संशोधित किया गया। अब इस सूची में संघ का नाम नहीं है। कांग्रेस द्वारा संघ की गतिविधियों को बाधित करने के प्रयास पहले भी हुए हैं। ऐसा प्रयास भारतीय संविधान (अनुच्छेद 14) के अधीन विचार अभिव्यक्ति की आजादी और संगठन बनाने की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। आरएसएस दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। भारतीय संस्कृति आधारित राष्ट्रवादी समाज बनाना उसकी प्राथमिकता है। हिंदुत्व संघ का अधिष्ठान है। संघ ने इस देश की राजनीति, संस्कृति में आधारभूत सकारात्मक हस्तक्षेप किया है। 1925 में जन्मा संघ सौ बरस का हो गया है। उससे ईर्ष्या स्वाभाविक है। 1885 में जन्मी कांग्रेस बूढ़ी हो गई है। संघ विरोधी राजनीतिक विचारधारा सेक्युलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यकवाद चलाती रहती है। सेक्युलरवाद ने विचारधाराविहीन समाज बनाने का काम किया है, पर सेक्युलरिज्म तो आयातित और एक विजातीय विचार है। संघ का मूल आधार हिंदू राष्ट्रवाद है। सेक्युलर दल हिंदुत्व और संघ को सांप्रदायिक बताते हैं, पर उनके पास न तो अल्पसंख्यक की परिभाषा है और न ही सांप्रदायिकता की। अल्पसंख्यकवाद ऐसी राजनीति का भयानक प्रेत है। देश में लगभग 14.2 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसके बावजूद सेक्युलर राजनीति उन्हें अल्पसंख्यक बताती है। अल्पसंख्यक की भी कोई परिभाषा नहीं है। राजनीति का मजहबीकरण देश के लिए घातक है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी के समय कहा था कि पहले सांप्रदायिकता की परिभाषा कीजिए। उनकी इस चुनौती को स्वीकार नहीं किया गया। सेक्युलरवाद की दृष्टि में संघ सांप्रदायिक है और इस्लामी एवं ईसाई विश्वास सेक्युलर हैं। यह दोहरापन है। कांग्रेस को संघ अच्छा नहीं लगता, लेकिन उसे इंडियन मुस्लीम लीग से कोई समस्या नहीं। संघ से खार खाए कथित सेक्युलर नेता अक्सर कोप में आ जाते हैं और उसके खात्मे का एलान करते रहते हैं। कुछ समय पहले तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने संघ के पथ संचलन कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। इस रोक को लेकर तर्क दिए गए कि पथ संचलन के कार्यक्रम के रास्ते में मस्जिद और चर्च पड़ते हैं। इसलिए अनुमति देना संभव नहीं है। मद्रास उच्च न्यायालय ने स्टालिन सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि संघ को अनुमति देने से मना करने का फैसला संविधान के विरुद्ध है और लोकतंत्र के लिए असंगत भी। सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है। संघ ने गांधी जयंती और स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने पर भी कार्यक्रम आयोजन की अनुमति मांगी थी। मुख्यमंत्री स्टालिन ने अनुमति नहीं दी। संघ ने तब न्यायालय की शरण ली। संघ के कार्यक्रमों को बाधित करने की कोशिश बंगाल में भी होती रही है। संघ पर पहला प्रतिबंध महात्मा गांधी की हत्या के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 4 फरवरी, 1948 को लगाया। आरोप लगाया गया कि संघ सांप्रदायिक उन्माद फैलाने और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त है। कहीं कोई साक्ष्य नहीं थे, फिर भी यह प्रतिबंध एक वर्ष तक रहा और 11 जुलाई, 1949 को हटा दिया गया। संघ आगे बढ़ता रहा। वह सेक्युलरपंथियों की आंख की किरकिरी रहा। आपातकाल (1975-1977) में हिंसक गतिविधियों के आरोप के साथ संघ पर दूसरी बार प्रतिबंध लगाया गया। आपातकाल में सभी दलों के नेता जेलों में थे। तकलीफ सभी दलों को थी, पर अकेले संघ ने ही विरोध स्वरूप भूमिगत आंदोलन चलाया। सरकार ने संघ को लोकतंत्र विरोधी और विघटनकारी कह प्रतिबंधित कर दिया। 1977 में जनता सरकार सत्ता में आई तो प्रतिबंध हटाया गया।

## पढ़ाई में अच्छे नहीं थे शरद पवार

वह बहुत कम बोलते थे। पवार खुद लिखते हैं कि पिता के कठोर अनुशासनात्मक व्यवहार के कारण बच्चे उनसे दूर ही रहते थे। पवार लिखते हैं, 'जब कभी हम लोग कोई गलती करते या पढ़ाई में अच्छा परिणाम नहीं लाते तो हम लोग उनसे दूर-दूर रहते। पढ़ाई के मामले में मेरा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं था। पिताजी से मासिक रिपोर्ट कार्ड पर दस्तखत करवाने का मतलब मुसीबत मोल लेना था लेकिन मां से हस्ताक्षर कराना आसान था इसलिए मैं हमेशा मां से ही हस्ताक्षर करवाता।



पवार के पिता का नाम गोविंद राव था। वह नीरा कैनाल कोऑपरेटिव सोसाइटी (बारामती) में एक वरिष्ठ अधिकारी थे। उन्हें अपने प्रगतिशील विचारों और ईमांदारी के लिए जाना जाता था। मां शारदा बाई, वामपंथी विचारों वाली तेज-तर्रार राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। वह पुणे लोकल बोर्ड में निर्वार्चित होने वाली पहली महिला थीं। राजकमल से प्रकाशित अपनी आत्मकथा 'अपनी शर्तों पर' में शरद पवार ने बताया है कि उनके पिता एक अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। वह अपने डेली रूटीन का सख्ती से पालन करते थे। वह 4 बजे सवेरे उठ जाते और 6 बजे तक दिन-भर के कार्यों के लिए तैयार हो जाते। अखबार पढ़ने के बाद वह घर से निकल जाते और शाम 6:30 तक वापस आते और भोजन आदि के बाद 8 बजे तक वह सोने के लिए बिस्तर पर लेट जाते। वह बहुत कम बोलते थे। पवार खुद लिखते हैं कि पिता के कठोर अनुशासनात्मक व्यवहार के कारण बच्चे उनसे दूर ही रहते थे। पवार लिखते हैं, 'जब कभी हम लोग कोई गलती करते या पढ़ाई में अच्छा परिणाम नहीं लाते तो हम लोग उनसे दूर-दूर रहते। पढ़ाई के मामले में मेरा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं था। पिताजी से मासिक रिपोर्ट कार्ड पर दस्तखत करवाने का मतलब मुसीबत मोल लेना था लेकिन मां से हस्ताक्षर कराना आसान था इसलिए मैं हमेशा मां से ही हस्ताक्षर करवाता। गोविंद राव और शारदा बाई को कुल 12 बच्चे हुए, सात बेटा और चार बेटी। शरद पवार अपनी मां-बाप की नौवीं संतान थे। उनके जन्म के तीसरे ही दिन यानी 15 दिसम्बर, 1940 को शारदा बाई को पुणे के लोकल बोर्ड की एक मीटिंग में शामिल होना था। वह उस बोर्ड की सदस्या थीं और यह मीटिंग बोर्ड की एक अति आवश्यक मीटिंग थी। हालांकि उन्होंने कुछ घंटे पहले ही एक बेटे को जन्म दिया था। बावजूद इसके उन्होंने मीटिंग में शामिल होने की ठानी। कड़ाके की ठंड, बारामती तहसील के कस्बे से जिला मुख्यालय पुणे तक खचाखच भरी हुई बसों की थकाऊ यात्रा और अन्य परेशानियां का सामना करते हुए जब शारदा बाई अपने तीन दिन के बेटे को गोद में लिये मीटिंग में पहुंचीं तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। शारदा बाई के मीटिंग हॉल में प्रवेश करते ही बोर्ड के चेयरमैन और सम्मानित वामपंथी नेता शंकर राव मोरे ने तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। लोगों ने ढेर सारी बधाइयां दीं और मोरे ने प्रसन्नता से उनको गले लगाया। बोर्ड की कार्यवाहियों में शारदा बाई के कार्यों की पहले भी बहुत प्रशंसा होती थी। साल 1958 में पवार कॉलेज में थे, जब उन्होंने पुणे के कांग्रेस भवन में जाकर पार्टी की सक्रिय सदस्यता ली थी। बीएमसीसी कॉलेज में अपनी शिक्षा के अंतिम वर्ष में उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करने के लिए वाई. बी. चव्हाण को आमंत्रित किया। पवार के आमंत्रण पर कॉलेज में पहुंचकर उन्होंने एक ओजपूर्ण और उत्साहवर्धक भाषण दिया। कार्यक्रम के बाद चव्हाण ने पवार को पास बुलाया और उन्हें कांग्रेस में सक्रिय रूप से काम करने को कहा। इसके बाद पवार अक्सर पुणे के पार्टी कार्यालय में जाने लगे। उन्हीं दिनों जमीनी राजनीति सीखने के चक्कर में शरद पवार एक नेता के 'अपहरण' में शामिल हो गए थे। वह नेता संयुक्त महाराष्ट्र समिति (एसएमएस) का एक सभासद था। नेता के अगवा होने की खबर अखबार में भी छप गई थी।

## श्री भैरुजी धाम गौशाला का भव्य उद्घाटन आज

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के आनंदरामपुरा ग्राम में बुधवार, 5 नवम्बर 2025 को श्री भैरुजी धाम गौशाला का भव्य शुभारंभ आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सामूहिक सुंदरकांड के पाठ व गौपूजन का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। इसके उपरांत महाप्रसादी (अन्नकूट) का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

## अनुजा पोर्टल पर ऋण के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि अब 30 नवम्बर 2025

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(निसं.)** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. जयपुर, राष्ट्रीय वित्त एवं विकास निगमों के सौजन्य से क्रियान्वित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, अन्य पिछडा वर्ग एवं दिव्यांगजन को विभिन्न उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु अनुजा पोर्टल पर ऋण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 नवम्बर 2025 कर दिया गया है। पहले यह तिथि 31अक्टूबर 2025 थी। निगम की कार्यवाहक परियोजना प्रबंधक प्रियंका चौहान ने बताया कि इच्छुक आवेदक ऑनलाइन एसएसओ आईडी के माध्यम से 30 नवम्बर 2025 तक अनुजा पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए स्थानीय पंचायत समिति, नगरपालिका कार्यालय या अनुजा निगम से सम्पर्क किया जा सकता है।

## जनजाति गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाईम्स

**सांभर लेकू(निसं.)।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा जारी निर्देशों तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर के आदेशों की अनुपालना में महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी की तीनों यूनिटों एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के तहत भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मोहम्मद अनवर कुरैशी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारतीय जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक थे, जिनका जीवन देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा के आदर्शों का अनुसरण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नवनीत ने किया।

## सुशीला मीणा ने धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण किया

जयपुर टाईम्स



**राजाखेड़ा,** राजाखेड़ा में सुशीला मीणा ने धौलपुर जिले के राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा- राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी मुख्य प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त एसडीएम मीणा ने बताया-सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने राजाखेड़ा उपखंड में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर उपखंड कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने नई एसडीएम का स्वागत किया।

## रूफ टॉप सोलर से उत्पन्न बिजली के बदले घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा अब 55 पैसे प्रति यूनिट का अधिक भुगतान

**जयपुर(निसं.),** प्रदेश में रूफ टॉप सोलर के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पन्न कर ग्रिड को बिजली उपलब्ध कराने वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के लिए खुश खबरी है। अब उन्हें उपभोग के बाद ग्रिड में देने वाली अतिरिक्त बिजली के बदले राजस्थान डिस्कॉम्स से प्रति यूनिट 2 रूपए 71 पैसे के स्थान पर 3 रूपए 26 पैसे प्रति यूनिट का भुगतान मिलेगा। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के निर्णय के क्रम में विद्युत वितरण निगमों ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। फीड इन टैरिफ में बढ़ोतरी के यह आदेश चालू बिलिंग माह से प्रभावी हो जाएंगे। प्रदेश में 1 लाख 35 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने नेट मीटरिंग के माध्यम से अपने घर अथवा आवासीय परिसर की छत पर रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित कर रखे हैं। अब 55 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी से प्रदेश में रूफ टॉप सोलर की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा और अधिक से अधिक उपभोक्ता सस्ती एवं सर्वसुलभ सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के सामूहिक संयोजन से ही बदलेगा समाज- डॉ. रामकेश सिंह परमार

### तसीमों में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 800 से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर .(निसं.)**'शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का संगम ही समाज परिवर्तन की सच्ची दिशा है।' – यह संदेश डॉ. रामकेश सिंह परमार ने तसीमों में आयोजित भव्य सर्व समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में दिया। यह आयोजन यूपीएनएफ फाउंडेशन, शहीद छत्तर सिंह पंचम सिंह सेवा समिति तसीमों, डॉ. आर.एस.पी. फाउंडेशन, पीपीपीएल ग्रुप, राजपूत विकास एवं कल्याण संस्थान तथा मिशन शिक्षा आंगई के संयुक्त तत्वावधान में फौजी गार्डन, तसीमों में हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर से आए 800 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को शील्ड व



प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल (चेयरमैन, यूजीपीएफ फाउंडेशन) तथा विशिष्ट अतिथि शक्ति सिंह बांदीकुई (डायरेक्टर, यूजीपीएफ फाउंडेशन) रहे। अतिथियों का स्वागत रामौतार फौजी व उनकी टीम ने साफा, माला व पटका पहनाकर किया। मुख्य अतिथि मेघराज सिंह रॉयल ने कहा कि 'समाज को आगे बढ़ाना है तो हमें जाति-धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर एक-दूसरे का साथ देना होगा। टांग खींचने के बजाय हाथ बढ़ाने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि शक्ति सिंह ने यूजीपीएफ फाउंडेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कला-संरक्षण, गौसेवा और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। डॉ. रामकेश सिंह परमार ने कहा कि शिक्षा और संस्कार से ही व्यक्ति और समाज का उत्थान संभव है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि 'बच्चों को उच्च शिक्षित बनाना ही सबसे बड़ी विरासत है।' कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने राजोरा टोल से पुष्पचक्र लेकर शहीद छत्तर सिंह और शहीद पंचम सिंह स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन कवि संजीव परमार व राजवीर सिंह परमार ने किया। इस अवसर पर राधेश्याम सिंह परमार, डिंपल परमार, अमित परमार, विकास परमार सहित सैकड़ों नागरिक एवं आयोजन समिति सदस्य मौजूद रहे।

## धौलपुर में शुरू हुआ मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी.टी. ने किया ग्राउंड जीरो निरीक्षण, मतदाताओं से सही जानकारी देने की अपील

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निसं.)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार से किया गया। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी.टी. ने बाड़ी क्षेत्र में पुनरीक्षण कार्य का ग्राउंड जीरो निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने खानपुर मीणा और अग्रवाल धर्मशाला बाड़ी सहित कई मतदान केंद्रों और मतदाताओं के घरों पर जाकर पुनरीक्षण कार्य की स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा पुराने एसआईआर (विशेष सारांश पुनरीक्षण) की सूची से वर्तमान मतदाताओं की वंशावली मैपिंग की जा रही है। यदि किसी मतदाता का नाम नई सूची में नहीं है, लेकिन परिवार के अन्य सदस्यों का नाम पूर्व सूची में है, तो पारिवारिक संबंध के आधार पर उसका नाम जोड़ा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र की दो प्रतियां वितरित करने, मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता देने और



भरे प्रपत्रों को श्वद्बष्टह्रश्वञ्ज ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर गणना प्रपत्रों का वितरण व संग्रहण किया जाएगा। इसके बाद 9 दिसम्बर 2025 को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होगी। 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिले में कुल 942 मतदान केंद्र हैं, जहां 9,17,846 मतदाता पंजीकृत हैं – जिनमें 4,89,482 पुरुष, 4,28,356 महिलाएं और 8 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

## किसानों, गरीबों और मजदूरों के प्रति केन्द्र व राज्य सरकार की जवाबदेही तय हो- विजय श्रीवास्तव

### जन अधिकार मंच प्रदेश प्रवक्ता बोले - योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं, सरकारी संस्थाओं का रवैया असंतोषजनक

जयपुर टाईम्स



**धौलपुर(निसं.)** 'जब तक सरकारें किसानों, मजदूरों और गरीबों के प्रति जवाबदेही तय नहीं करेंगी, तब तक आम आदमी खुशहाल जीवन नहीं जी सकता।' यह बात जन अधिकार मंच राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता विजय श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि आज देश में गरीब, किसान, असहाय, मजदूर, महिलाएं और मध्यमवर्गीय परिवार सभी संघर्ष के दौर से गुजर रहे हैं। मेहनत के बावजूद दो वक्त की रोटी जुटाना कठिन होता जा रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि देश की जनसंख्या के अनुपात में केवल 35 प्रतिशत लोग ही रोजगार से जुड़े हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। बेरोजगारी के समाधान हेतु केंद्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं शुरू की गईं, परंतु वे धरातल पर सफल साबित नहीं हो रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी संस्थाएं योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंचा पा रहीं जिन्हें वास्तव में आवश्यकता है। जरूरतमंद बेरोजगार जब सरकारी दफ्तरों में सहायता मांगने जाते हैं, तो उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है, जबकि सुविधा शुल्क देने वाले लोगों को लाभ मिल जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों में बेरोजगारी घट रही है, पर वास्तविकता में युवा आज भी रोजगार से वंचित हैं। उन्होंने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकारों को अपने तंत्र की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि किसानों, महिलाओं, मजदूरों और गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप में पहुंचे। विजय श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों की स्थिति दशकों बाद भी नहीं बदली है। पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को खाद्यान्न के साथ कपड़े भी सस्ते दामों पर मिलते थे, पर अब प्रति यूनिट केवल 5 किलो गेहूं दिया जा रहा है, जो अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि ऊंट के मुंह में जीरे जैसी है, क्योंकि खाद, सिंचाई व संसाधनों की कमी अब भी गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने अंत में कहा कि अब समय आ गया है जब सरकारें भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करते हुए आमजन को सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

## बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर बड़ी कार्रवाई- दो दर्जन से अधिक वाहन किए गए सीज

### परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर चलाया सख्त अभियान, सड़क सुरक्षा को लेकर जारी रहेगा विशेष संचालन

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निसं.)** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन सख्त रुख में नजर आ रहा है। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में बिना नंबर प्लेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए दो दर्जन से अधिक वाहनों को सीज किया है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है, जिसमें परिवहन विभाग, पुलिस, चिकित्सा विभाग, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं। अभियान के तहत ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग और नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे चालकों के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे। वहीं एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी द्वारा अवैध कट बंद करने, ब्लैक स्पॉट सुधारने, सड़क किनारे झाड़ियां हटाने, डिवाइडर पर रेलिंग लगाने जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा लेन ड्राइविंग लागू करने और चिकित्सा विभाग द्वारा ड्राइवरों की आंखों की जांच कराई जाएगी। यदि किसी चालक की दृष्टि कमजोर पाई जाती है तो चिकित्सा



प्रमाणपत्र जारी करने वाले डॉक्टर पर भी कार्रवाई होगी। स्थानीय निकायों को पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित फुटपाथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली और व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने की अनिवार्यता लागू की जा रही है। अभियान के दौरान जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, जिनमें हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, मोबाइल पर बात न करने और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने के संदेश दिए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।।

## वर्ष 2026 के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से प्रारंभ

जयपुर टाईम्स

**धौलपुर(निसं.)** विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया 1 नवम्बर से प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत सभी लाभार्थियों को 31 दिसम्बर तक स्वयं का वार्षिक भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से करवाना है। जिले में लगभग 1 लाख 66 हजार 902 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थी है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्दों पर अंगुली की छाप से करवाया जा सकता है। साथ ही वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए विकसित एंड्राइड मोबाइल ऐप के माध्यम से लाभार्थी के फेस रिकॉग्निशन के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दोनों प्रक्रियाओं से वार्षिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में लाभार्थी संबंधित पेंशन स्वीकृतिकर्ता अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी पेंशन पोर्टल पर लॉगइन कर संबंधित पेंशनर का पीपीओ नम्बर दर्ज करने पर पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तीनों प्रक्रियाओं से वार्षिक सत्यापन नहीं होने पर पेंशनर को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं के दस्तावेजों पीपीओ, आधार कार्ड, जनआधार आदि के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होना होगा उनके दस्तावेजों की जांच के आधार पर संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा उनका वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन करते समय संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन किया जा सकेगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स योजनान्तर्गत वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में बाहरी क्षेत्र संबंधित उपखण्ड अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र संबंधित विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## जयपुर में पहले दिन एक लाख से अधिक परिगणना प्रपत्रों का हुआ वितरण

### संभागीय आयुक्त पूनम ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र में किया निरीक्षण

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर-घर पहुंच रहे बूथ लेवल अधिकारी

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत 27 अक्टूबर को राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम के तहत 4 दिसम्बर तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जा रहा है। पहले ही दिन जयपुर में पहले ही दिन 1 लाख 21 हजार 747 परिगणना परिपत्रों का वितरण किया गया। संभागीय आयुक्त पूनम ने हवामहल विधानसभा क्षेत्रे की भाग संख्या 51 एवं भाग 54 संख्या का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों से फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें तथा पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर परिगणना परिपत्रों का वितरण कर रहे हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी लगातार फील्ड में निरीक्षण कर रहे हैं। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 665, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 11 हजार 440, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 882, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 319, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 8 हजार 93, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 26 हजार 440, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 464, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 341, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 8 हजार 681, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 508 परिगणना परिपत्र वितरित किए गए। वहीं, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 422, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 674, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 450, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार 691, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 559, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 915, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 203 परीगणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीणा ने बताया कि परिगणना अवधि के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व विशेष पुनरीक्षण से हो जाएगी, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में सहभागी बनें।

## 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक आयोजित शहरी सेवा शिविर के तहत पुनः फॉलोअप शिविर

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर द्वारा फॉलोअप शिविर कार्यक्रम जारी किया गया है। 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक फॉलोअप शिविर जोन कार्यालयों पर आयोजित किये जा रहे है जिसके प्रभारी अधिकारी संबंधित जोन उपायुक्त होगे। मंगलवार को सांगानेर जोन में सामुदायिक केन्द्र सांगानेर में आयोजित किया गया। बुधवार को मुरलीपुरा जोन में कार्यालय मुरलीपुरा जोन मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पास आयोजित किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जोनवाईज 03 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक फॉलोअप शिविर संबंधित जोन कार्यालयों पर आयोजित किये जा रहे है। इन सभी कैम्पों में आमजन से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जा रहा है। पूर्व में भी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2025 तक शहरी सेवा शिविर आयोजित किये गये थे। यदि कोई व्यक्ति समस्यानिस्तारण हेतु शिविरों में नहीं आ पाया हो तो इन शिविरों के माध्यम से अपनी समस्याओं का निस्तारण करवा सकता है। सांगानेर जोन के वार्ड नंबर 86 दुर्गापुर के स्थानीय निवासी श्री कुलदीप शर्मा द्वारा सांगानेर जोन में चल रहे संपूर्ण सांगानेर फॉलोअप कैंप में अपने मकान के नाम स्थानांतरण के लिए आवेदन किया आवश्यक दस्तावेज लगाकर आवेदन जमा करने के कुछ समय पश्चात ही कुलदीप शर्मा को उनके मकान का नाम स्थानांतरण प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गयाकुलदीप शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से आम नागरिकों को लाभ पहुंच रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान चलाए जाएंगे तो आम जनता भी लाभान्वित होगी अपने इस कार्य के त्वरित गति से बिना किसी परेशानी के पूर्ण हो जाने पर कुलदीप शर्मा को अत्यधिक प्रसन्नता हुई और इसके लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। प्रताप नगर सेक्टर 8 सांगानेर के स्थानीय निवासी अनूप झा ने सांगानेर जोन में चल रहे संपूर्ण सांगानेर फॉलोअप कैंप में अपने मकान के यूडी टैक्स बिल की राशि जमा करने के लिए आए श्री अनूप झा ने बताया कि उनके मकान का यूडी टैक्स बिल जो नगर निगम द्वारा उन्हें दिया जाता है वह बिल्कुल उचित राशि के अनुसार उन्हें दिया जाता है जब अनुज संपूर्ण समग्र फॉलोअप कैंप में आए तो उन्हें बिना किसी परेशानी के राशि जमा करने की सुविधा मिली और अपने काम में उन्हें बहुत ही कम समय लगा अपने इस कार्य को त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर अनुज झा ने नगर निगम ग्रेटर और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त किया। सांगानेर के स्थानीय निवासी कैलाश रैगर जी ने सांगानेर जोन में चल रहे संपूर्ण सांगानेर फॉलोअप कैंप में अपने विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया।





## साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ह्यूमन कोकेन में नजर आएंगे सिद्धांत कपूर

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर जहां इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। मैडॉक की स्त्री और स्त्री 2 जैसी फिल्मों ने उनके करियर को बुलंदी पर पहुंचाया है। वहीं, तुलनात्मक रूप से उनके भाई सिद्धांत कपूर का करियर काफी पीछे है। यूं तो इंडस्ट्री में उन्हें 12 साल गुजर गए, मगर पूरे करियर में वे सिर्फ एक हिट फिल्म का हिस्सा बन पाए हैं। इन दिनों सिद्धांत अपनी आगामी फिल्म को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। सिद्धांत कपूर की आगामी फिल्म का नाम है, ह्यूमन कोकेन। यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सिद्धांत के अलावा फिल्म में इशिता राज, जाकिर हुसैन, पुष्कर जोग और ब्रिटिश एक्टर्स नजर आएंगे। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें स्टारकास्ट के लुक शेयर किए हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट बताई है। ह्यूमन कोकेन 16 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में सिद्धांत कपूर का लुक देखने लायक है। सिद्धांत कपूर बॉलीवुड फिल्मों में खूंखार विलेन का किरदार अदा करने वाले शक्ति कपूर और शिवांगी कोल्हापुरी के बेटे हैं। श्रद्धा कपूर उनकी बहन हैं। सिद्धांत कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। हालांकि, उन्होंने इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी। सिद्धांत कपूर ने फिल्मों में करियर की शुरुआत असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी। उन्होंने ली स्ट्रेसबर्ग थिएटर एन्ड फिल्म इंस्टीट्यूट से फिल्ममेकिंग और एक्टिंग का कोर्स किया। इसके बाद एक डिस्क जॉकी के रूप में शुरुआत की। सिद्धांत ने करीब दो साल तक प्रियदर्शन के साथ कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। इनमें चुप चुपके, भूल भुलैया, भागम भाग, और ढोल जैसी फिल्में शामिल हैं।

### 2013 में शुरू किया अभिनय

सिद्धांत कपूर के अभिनय करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2013 में पहली बार फिल्म शूटआउट एट वडाला में अभिनय किया। इसमें जॉन अब्राहम लीड रोल में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही थी। इसके बाद सिद्धांत ने अगली में असिस्ट भी किया और एक छोटे से रोल में भी नजर आए। सिद्धांत जज्बा, हसीना पारकर, पलटन, हेलो चार्ली भूत-पार्ट 1 और चेहरे शामिल हैं। सिद्धांत वेब सीरीज भौकाल में भी नजर आ चुके हैं। उनका किरदार नेगेटिव था। इस साल सिद्धांत को नेटफ्लिक्स की सीरीज मंडला मर्डर्स में देखा गया था। इसके अलावा बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि सिद्धांत ने 1997 में आई सलमान खान की फिल्म जुड़वां में भी अभिनय किया था। वह रंगीला के रूप में नजर आए थे।



## सोनम ने बताया कितना मुश्किल था फिल्म एक दीवाने की दीवानियत का किरदार?

**फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेमी बने हैं। सोनम का रोल भी एकदम हटकर है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म और अपने किरदार को लेकर सोनम ने कई दिलचस्प बातें साझा कीं।**

**आपको हर्षवर्धन के साथ मूवी करके कैसा लगा?**

बहुत अच्छा लगा। बहुत कुछ सीखने को मिला मुझे। जब भी आपको इतने अच्छे एक्टर के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो शानदार अनुभव रहता है। मैं बहुत ब्लेस्ड हूं। वह अपने काम को लेकर बहुत गंभीर हैं। ऐसे लोगों के साथ आप जब काम करते हैं तो आपकी फिल्म भी अच्छी बनती है और आपको काम करके भी मजा आता है। मेरा एक्सपीरियंस अच्छा रहा।


**आपने इस फिल्म में इतना चैलेंजिंग रोल अदा किया है। कितना मुश्किल लगा?**

मुश्किल से ज्यादा मैंने बहुत एंजॉय किया। एंजॉय इसलिए, क्योंकि मेरे पास ऐसा मौका आया, जिसका मैं इंतजार लंबे वक्त से कर रही थी। मुझे अभी भी लगता है कि जितना इमोशनल रोल मैं कर सकती हूं बतौर कलाकार, वह मौका अब भी नहीं मिला। मगर, जितना भी मौका मिला, मैंने किया। मुझे बहुत मजा आया। मुझे चैलेंजिंग रोल करके मजा आता है।

**आप बहुत अच्छे से हिंदी बोल लेती हैं, क्योंकि फिल्म में बोली है। तो क्या शुरू से इतनी अच्छी हिंदी रही है?**

मेरा जन्म उत्तराखंड में हुआ है। मेरी परवरिश यूपी में हुई है। मैं एक सिख परिवार में पली-बढ़ी हूं तो मुझे पंजाबी भी लिखनी, पढ़नी बोलनी सब आती है। हिंदी मैंने ऐसा कभी सोचा नहीं कि मेरी बहुत अच्छी है कि क्या है? मैं रोजमर्रा में हिंदी में बात करती हूं। ये मुझे लेकर परसेप्शन है कि मैं पंजाबी फिल्मों में काम करती हूं तो मेरी हिंदी ठीक नहीं है।

## डॉन पलथारा की अगली फिल्म में दिलीश पोथन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी पार्वती थिरुवोथु



नेशनल अवॉर्ड विजेता पार्वती थिरुवोथु अब डॉन पलथारा की अगली फिल्म की हीरोइन बनने जा रही हैं. इस फिल्म में उनके साथ होंगे मलयालम सिनेमा के चर्चित फिल्ममेकर-एक्टर दिलीश पोथन. दो जबरदस्त दिमाग और एक कमाल की परफॉर्मर — ऐसा तिकडी इकठ्ठा हो रहा है जो मलयालम सिनेमा में कुछ नया बातचीत शुरू करा सकता है. पार्वती थिरुवोथु ने इंस्टाग्राम पर लिखा — डॉन पलथारा की बनाई दुनिया में कदम रख रही हूं, वह भी दिलीश पोथन के साथ. बेसब्र हूं. पहली बार पार्वती, डॉन और दिलीश साथ काम कर रहे हैं. डॉन पलथारा का सिनेमा अपने अंदर छुपी कोमल परतों, रिश्तों की तहों और चुपचाप बोल देने वाले इमोशन्स के लिए जाना जाता है — जो पार्वती थिरुवोथु की बारीक और संवेदनशील एक्टिंग से एकदम मैच बैठता है. वहीं दिलीश पोथन खुद एक दमदार निर्देशक और बेहद नपे-तुले मगर असरदार अभिनेता माने जाते हैं. कहानी अभी राज में है, पर कहा जा रहा है कि यह इमोशन से भरी ड्रामा फिल्म होगी.




## सामने आई अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनीत डकैत की रिलीज डेट

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म डकैत की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है।

### मृणाल ठाकुर ने शेयर किया पोस्ट

मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म डकैत का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और साथ ही फिल्म की नई रिलीज डेट से पर्दा उठाते हुए कैप्शन में लिखा, डकैत के साथ धमाकेदार ड्रामा का अनुभव करें। 19 मार्च, 2026 को हिंदी और तेलुगु में दुनिया भर में भव्य रिलीज।

### डकैत और लव एंड वॉर में होगा मुकाबला

टीम ने आज आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर डकैत की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। डकैत 19 मार्च, 2026 को, उगादि और ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह संजय लीला भंसाली की रोमांटिक ड्रामा फिल्म लव एंड वॉर के आस पास रिलीज होगी, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। लव एंड वॉर 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है।

### डकैत के बारे में

फिल्म डकैत एक प्रेम कहानी है। शेष और मृणाल के अलावा फिल्म में अनुराग कश्यप की अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शनील देव ने किया है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी और पटकथा अदिवी शेष और शनील देव ने मिलकर लिखी है। इस रोमांटिक एक्शन थ्रिलर में प्रकाश राज, सुनील, अतुल कुलकर्णी और जैन मैरी खान भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## स्पिरिट में हुई कोरियन एक्टर डॉन ली की एंट्री

**साउथ इंडियन सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म स्पिरिट में अब एक रोमांचक मोड़ आया है। इस फिल्म से अब एक कोरियन एक्शन एक्टर जुड़ गए हैं।**



डॉन ली का फिल्म में स्वागत बुधवार को मेकर्स ने ऐलान किया कि ट्रेन टू बुसान और इटर्नल्स के लिए मशहूर एक्टर डॉन ली ने संदीप वांदा रेड्डी की एक्शन फिल्म स्पिरिट साइन कर ली है। मेकर्स ने उनका स्वागत करते हुए एक पोस्टर जारी किया। वहीं फैंस ने कमेंट्स में इस अंतरराष्टीय जोड़ी पर खुशी जताई है। फिल्म स्पिरिट को संदीप रेड्डी वांगा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो कबीर सिंह और एनिमल जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस महीने प्रभास के जन्मदिन पर पांच भाषाओं- तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में फिल्म स्पिरिट का साउंड स्टोरी टीजर जारी हुआ था। इस फिल्म में प्रभास और डॉन ली के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम किरदार में नजर आएंगे। कथित तौर पर पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन शेड्यूल की समस्या से उन्होंने फिल्म छोड़ दी। अब यह रोल तृप्ति डिमरी को मिला है। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। यह भूषण कुमार और संदीप की भद्रकाली पिक्चर्स का प्रोजेक्ट है।

## बैटल ऑफ गलवां में सलमान के साथ नजर आएंगे गोविंदा



बॉलीवुड के 'पार्टनर' यानी सलमान खान और गोविंदा की जोड़ी अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आ सकती है। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर चर्चाओं में हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में सलमान खान के साथ गोविंदा भी नजर आएंगे। यानी लगभग 18 साल बाद दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में नजर आएंगे। बिग बॉस 19 के हालिया एपिसोड में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा शो में बतौर मेहमान शामिल हुईं। सलमान और सुनीता ने गोविंदा के साथ उनके फिर से साथ आने पर चर्चा की, जो अब फैंस के बीच वायरल है। दरअसल, सलमान ने इस दौरान ये कहा कि अब वो और गोविंदा एक साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, सलमान ने इस प्रोजेक्ट के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि गोविंदा वॉर ड्रामा 'बैटल ऑफ गलवां' में सलमान के साथ अभिनय करेंगे।

इन चर्चाओं के बीच कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया कि गोविंदा ने 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। 'बैटल ऑफ गलवां' अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है, जो समुद्र तल से 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर बिना एक भी गोली चलाए लड़ा गया था। सलमान के अलावा फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी।



## रजनीकांत सिनेमा से लेंगे संन्यास? कमल हासन संग काम के बाद होंगे रिटायर

भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत एक ओर जहां 75 साल की उम्र में भी लगातार फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं, वहीं बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच उनके रिटायरमेंट की चर्चा शुरू हो गई है। जी हां, तमिल मीडिया में यह चौंकाने और दिल तोड़ने वाली खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं कि थलाइवा अगले कुछ साल में फिल्मों से रिटायर हो सकते हैं। रजनीकांत फिलहाल नेल्सन के डायरेक्शन में बन रही जेलर 2 की शूटिंग कर रहे हैं, जो अगले साल रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि रजनीकांत बढ़ती उम्र के साथ आने वाली स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से घिरे हुए हैं। हालांकि, बावजूद इसके वह लगातार अपनी फिल्मों के कारण यात्रा भी कर रहे हैं। फिलहाल उनकी झोली में 4 अपकमिंग फिल्में हैं, जिनमें से एक फिल्म दिग्गज एक्टर कमल हासन के साथ है। बताया जाता है इस मल्टीस्टारर फिल्म के बाद रजनी सर सिनेमा से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।

### रजनीकांत की झोली में कम से कम 4 फिल्में

बीते दिनों आई कुली के बाद रजनीकांत इन दिनों जहां जेलर 2 में बिजी हैं, वहीं इसके बाद वह RKFI के साथ एक और फिल्म करेंगे, जिसका निर्देशन सुंदर सी कर रहे हैं। इसकी घोषणा कुछ हफ्तों में होने की उम्मीद है। इसके अलावा वह निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ भी एक फिल्म कर रहे हैं, जिसकी टाइमलाइन अभी नहीं आई है। फिलहाल, रजनीकांत के पास कम से कम 4 फिल्में पाइपलाइन में हैं।

बीते दिनों, कमल हासन और रजनीकांत दोनों ने इस बड़े प्रोजेक्ट की पुष्टि खुद की थी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि इस फिल्म को कौन डायरेक्ट करेगा। खबरों में नेल्सन दिलीपकुमार का भी नाम है। कहा जा रहा है कि नेल्सन 2027 में इस फिल्म को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। लेकिन उससे पहले स्क्रिप्ट फाइनल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा किया जाएगा। वलाईपेचु की रिपोर्ट के मुताबिक, यह थलाइवा रजनीकांत की आखिरी फिल्म होगी।



### रजनीकांत और कमल हासन करीब 4 दशक बाद साथ करेंगे काम

रजनीकांत और कमल हासन ने 1970 और 1980 के दशक में कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें अपूर्व रागंगल (1975) और 16 वैयाथिनिले (1977) जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। पिछली बार वह करीब 4 दशक पहले पर्दे पर साथ दिखे थे।

भारत सरकार ने रजनीकांत को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए 2000 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण, और 2019 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, सात तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, एक नंदी पुरस्कार, एक फिल्मफेयर पुरस्कार और दो महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। रजनीकांत का असली नाम शिवाजी राव गायकवाड है। उन्होंने 1975 में अपूर्वा रागंगल फिल्म से डेब्यू किया था। कुली उनके करियर की 171वीं फिल्म थी।

# पुराना भूरासिद्ध हनुमान मंदिर पर हुए धार्मिक कार्यक्रम ओर सवामणि में भक्तों ने पाई प्रसादी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के पुराना भूरासिद्ध हनुमान मंदिर पर मंगलवार को अनेक धार्मिक आयोजन हुए। जहां शहर की मालन की गली निवासी एक सज्जन ने अपने जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. अलवर में अपनी बेहतर सेवा के पूर्ण होने के बाद सवामणि का आयोजन किया। इससे पहले अनेक भक्तों ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी को ढोक लगाकर मन्नत मांगी ओर सभी के लिए सुख-शांति ओर समृदिध के लिए मंगल कामना की। यूं तो पुराना भूरासिद्ध हनुमान मंदिर पर हर मंगलवार ओर शनिवार को बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर भगवान के श्रीचरणों में ढोक लगाकर प्रार्थना करते हैं। अनेक भक्तजन सुन्दर काण्ड के पाठ, हनुमान चालिसा ओर मंत्रोच्चार करते हैं। किसी की मन्नत पूरी होती है तो वह सवामणि भी करते हैं। ऐसे ही मंगलवार को मालन की गली निवासी सुरेन्द्र कुमार शर्मा के जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. अलवर में अपनी बेहतर सेवा के पूर्ण होने के बाद सवामणि का आयोजन किया गया। जहां सुबह सुन्दर काण्ड के संगीतमय पाठ किए गए। इसके बाद हवन किया गया ओर सवामणि का बना प्रसाद का हनुमानजी को भोग लगाकर भक्तों को पंगत में बिठाकर प्रसादी खिलाई गई। भक्तों ने भी सभी के लिए सुख-शांति ओर समृदिध के लिए मंगल कामना की। सवामणि का प्रसाद शाम तक भक्तों ने पाया। शाम को मंदिर में महाआरती की गई।



# विमंदित बालकों को मिले उपहार तो चेहरे पर खुशी


## बालकों को बांटी शिक्षण सामग्री, मिठाई ओर उपहार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मानसिक दिव्यांग और मूक बधिर बालकों को उपहार व शिक्षण सामग्री वितरित की तो वो खुशी से झूम उठे। खुदनपुरी रोड पर चल रहे आदर्श मूक बधिर व मानसिक विमंदित विद्यालय में यह सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर रेखा महलावत ने इन बच्चों से गीत व नृत्य करवाए। विद्यालय प्रधान पायल ने विद्यालय के बारे में जानकारी दी। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि इन सभी विद्यार्थियों को ड्रेस, सर्दी के कपड़े शीघ्र उपलबध कराए जाएंगे। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस बार सर्दियों में जरूरतमंद बालकों को जर्सियां वितरित की जाएंगी जबकि भारी संख्या में कंबल भी बांटने के लिए मंगवाए हैं। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी तारेश जोरवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, गायत्री परिवार से जुड़ी नेक कमाई के दिवाकरी ने नेक शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल की संचालिका प्रतिभा सिंह, समाजसेवी प्रशांत शर्मा राजा, सुरभि शर्मा, इशिका शर्मा, रूपेश शर्मा तथा मनीष अरोड़ा उपस्थित थे। संचालन रेखा महलावत ने किया।

# भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी को लेकर आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** सिन्धी समाज द्वारा उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर भगवान झूलेलाल के विरुद्ध आपतिजनक टिप्पणी करने वाले नेता अमित बघेल के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की।ज्ञापन में बताया कि छत्तीसगढ़ के नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल के खिलाफ आपतिजनक टिप्पणी से पूरे समाज में रोष व्याप्त हैं।सर्व सिन्धी समाज इसकी कड़ी निन्दा करता है। ऐसी टिप्पणी कर के जातिवाद व क्षेत्रवाद का जहर फैला फैलाया जा रहा हैं। जिससे देश में अशान्ति व सौहार्द को खतरा पैदा हो सकता हैं।

# परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन 6 नवम्बर को एक पारी में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक अलवर जिला मुख्यालय पर कुल 37 परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके लिए परीक्षा नियंत्रण कक्ष अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर कार्यालय के कमरा नं. 122 मिनी सचिवालय में स्थापित किया गया है जो 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक परीक्षा समाप्ति तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नं. 0144-2345077 है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में लगभग 9536 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसके लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 14 राजकीय परीक्षा केंद्र तथा 23 निजी परीक्षा केंद्र है तथा 6 सतर्कता दल व 18 उपसमन्वयक दल लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक घण्टे पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जएगा।

# ऑपरेशन नॉकआउट के तहत फुलेरा व जोबनेर में बड़ी कार्यवाही, नशे के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान जारी

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(कासं.)।** जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत फुलेरा और जोबनेर क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण की आसूचना पर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर नशे के कारोबार में संलिप्त कई लोगों के ठिकानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 979 ग्राम गांजा, 4.56 ग्राम स्मैक, 92 पव्वे देशी शराब और लगभग डेढ़ लाख रुपये नकद जब्त किए। अभियान का संचालन वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में किया गया, जिसमें थाना फुलेरा, जोबनेर, सांभरलेक, नरैना तथा पुलिस लाइन की छह संयुक्त टीमों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रजनीश पूनियां के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बसंती देवी पत्नी विनोद कुमार निवासी सांसी बस्ती जोबनेर रोड फुलेरा के कब्जे से 550 ग्राम गांजा और 1580 रुपये नकद बरामद किए गए। रामचंद्र पुत्र कालूराम निवासी सांसी बस्ती जोबनेर रोड फुलेरा के कब्जे से 92 पव्वे देशी शराब और 1,48,500 रुपये नकद जब्त किए गए। बीना पत्नी शंकरलाल निवासी सांसी बस्ती वार्ड नंबर 1 जोबनेर के कब्जे से 3.28 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ,जबकि मदनलाल सांसी पुत्र श्योकरण निवासी बोबास थाना जोबनेर के कब्जे से 192 ग्राम गांजा जब्त किया गया। वहीं आरोपी राजू के घर पर दबिश के दौरान 1.2 ग्राम स्मैक और 37 ग्राम गांजा मिला, किंतु वह मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश पुलिस द्वारा जारी है। पुलिस ने ग्राम बोबास की सरकारी भूमि पर उगे लगभग पांच हजार गांजा पौधों को भी उखाड़कर मौके पर ही नष्ट किया। यह कार्रवाई न केवल अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस की सख्त नीति को दर्शाती है, बल्कि समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता का संदेश भी देती है। पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ऑपरेशन नॉकआउट अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में फैल रहे नशे के जाल को तोड़ना और युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाना है। उन्होंने कहा कि जयपुर ग्रामीण पुलिस नशे के खिलाफ निरंतर अभियान चला रही है और भविष्य में भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। फुलेरा और जोबनेर क्षेत्र में हुई यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि पुलिस प्रशासन नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। यह अभियान न केवल कानून-व्यवस्था की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति पुलिस की जिम्मेदारी और सजगता का भी प्रमाण है।

# मंगलवार से शुरू हुआ मतदाता सूची पुनर्गठन अभियान

## लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में अहम पहल

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निसं.)** लोकतंत्र की असली शक्ति उसके जागरूक मतदाताओं में निहित होती है। इसी जनजागरण भावना को साकार करने के उद्देश्य से मंगलवार से मतदाता सूची पुनर्गठन अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी सांभरलेक ऋषिराज कपिल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सही रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराना है, ताकि कोई भी नागरिक अपने मतदान अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में पहले से दर्ज है, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, 1987 के बाद जन्मे नागरिकों को माता या पिता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जबकि नवंबर 2002 के बाद जन्मे युवाओं को जन्म प्रमाण पत्र देना आवश्यक होगा। कपिल ने बताया कि विवाहित महिला मतदाताओं के नामों की विशेष जांच की जा रही है, ताकि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों की संभावना समाप्त की जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान 4 दिसंबर तक संचालित रहेगा। इस अवधि में नागरिक अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं या ऑनलाइन पोर्टल पर भी अपनी जानकारी अद्यतन कर सकते हैं। उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार रखें और इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा 'लोकतंत्र तभी सशक्त होता है जब हर नागरिक अपनी भागीदारी निभाता है। यह अभियान जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का सेतु है।

# झीड़ा के बालाजी धाम में गूंजेगा श्रीराम नाम- 108 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ की तिथि घोषित

## 22 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक होगा भव्य आयोजन, भक्तों में उमंग और उत्साह का माहौल

जयपुर टाइम्स




**विराटनगर(निसं.)।** धार्मिक आस्था और सनातन परंपरा के संगम स्थल झीड़ा बालाजी धाम, बजरंगपुरा में मंगलवार को एक भव्य बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी वर्ष आयोजित होने वाले 108 कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ की तिथियों की औपचारिक घोषणा की गई। महामंडलेश्वर नीलक धाम के महंत श्री रामदास महाराज ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 22 अप्रैल 2026 (वैशाख शुक्ला षष्ठी, बुधवार) को होगा, जबकि पूर्णाहुति दिवस 30 अप्रैल 2026 (नरसिंह चतुर्दशी, गुरुवार) को मनाया जाएगा। जैसे ही यह घोषणा की गई, मंदिर परिसर जय श्रीराम और बालाजी महाराज की जय के नारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्ति में डूब गया। बैठक में महंत सांवरमल व्यास एवं पंडित सोहनलाल व्यास के सानिध्य में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, धर्मप्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में यज्ञ समिति गठन, साधु-संत आवास, भंडारा, शोभायात्रा, झांकी और रामायण पाठ की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। महामंडलेश्वर श्री रामदास महाराज ने कहा कि यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भक्ति, संस्कृति और समाज के संगम का पर्व होगा। उन्होंने कहा, 'श्रीराम मारुति महायज्ञ समाज को जोड़ने, संस्कारों को जगाने और भक्ति के माध्यम से आत्मशुद्धि का मार्ग है। झीड़ा धाम से पूरे प्रदेश में यह संदेश जाएगा कि जहां भक्ति है, वहीं शक्ति है।' महायज्ञ की घोषणा के साथ ही बालाजी मंदिर परिसर में शंखनाद, घंटा-घड़ियाल और जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनि से आयोजन का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रधान सुवालाल यादव, भागीरथमल यादव, रामनिवास यादव, जगदीश मीणा, पूरणमल मीणा सहित बजरंग युवा उत्थान समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। क्षेत्र में इस घोषणा के बाद से ही भक्ति और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

# छात्रावास की अधूरी चारदीवारी को पूर्ण करने की मांग

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास की अधूरी चारदीवारी को लेकर बालिका छात्रावास विकास समिति के सदस्य शक्ति नारायण शर्मा ने जिला कलक्टर को पत्र लिख कर बताया कि छात्रावास का भवन कस्बे के आबादी क्षेत्र से काफी दूर होकर निर्जन स्थान पर स्थित हैं।छात्रावास के भवन निर्माण के साथ-साथ इस छात्रावास की चारदीवारी का भी निर्माण कार्य शुरू हुआ था परंतु उक्त चारदीवारी केवल मात्र दो तरफ से ही पूर्ण हो पाई एवं शेष दो तरफ की चार दिवारी का निर्माण शेष रह गया था। उक्त छात्रावास भवन आबादी क्षेत्र से काफी दूर होने के कारण यहां सामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है जिससे छात्राओं में खौफ एवं भय का माहौल बना रहता हैं। शर्मा ने जल्द ही शेष रही दो तरफ की दीवार का निर्माण करवायाए जाने की मांग की हैं।

# चित्तौड़ा में जमीनी विवाद गहराया, गलत तरमीमों से भूमाफिया सक्रिय

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर(निसं.)।** रेनवाल मांजी के ग्राम चित्तौड़ा में जमीन विवाद गहरा गया है। ग्राम की मूल खसरा संख्या 10, 11, 12 और 1003 में की गई कथित गलत तरमीमों और संपरिवर्तन को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि डीआईएलआरएमपी योजना के दौरान जल्दबाजी में की गई तरमीमों ने जमीन की वास्तविक स्थिति बदल दी। इससे कहीं रकबा कम हो गया तो कहीं बढ़ गया, और कहीं कब्जाधारकों को दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया गया।

## भूमाफियाओं ने गड़बड़ी का फायदा उठाया

इसी गड़बड़ी का फायदा उठाकर भूमाफिया अब इन विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण में नक्शे पास करवाकर पट्टे जारी कराने की साजिश चल रही है, जिससे वास्तविक काश्तकारों को बेदखल किया जा रहा है और गांव में तनाव बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत चित्तौड़ा के प्रशासक राकेश जसवाल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए थाना रेनवाल मांजी में किशन लांबा और भीम सिंह सहित अन्य के खिलाफ अतिक्रमण की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। माधोराजपुरा विकास अधिकारी मदनलाल बैरवा ने बताया मामले की जांच जारी है। गलत तरमीमों और अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।' थानाधिकारी रेनवाल मांजी राममिलन मीणा ने भी रिपोर्ट दर्ज होने और गंभीरता से जांच की बात कही है। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन से मांग की है कि JDA इन विवादित जमीनों पर किसी भी प्रकार का संपरिवर्तन या पट्टा जारी न करे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित



## विशेष गहन पुनरीक्षण में राजनीतिक दलों की भूमिका अहम- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने की। उन्होंने बताया कि इस विशेष पुनरीक्षण के द्वितीय चरण की शुरुआत देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में की गई है, जिनमें राजस्थान भी शामिल है। पुनरीक्षण कार्य में 2002 की मतदाता सूचियों के आधार पर निर्वाचक मैपिंग की जा रही है। अब तक राज्य में लगभग 70 प्रतिशत से अधिक भौतिक मैपिंग पूर्ण हो चुकी है। बीएलओ ऐप के माध्यम से 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 80 प्रतिशत और 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के 27 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए परिगणना प्रपत्र (ईएफ) तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें नाम, पता, विधानसभा क्षेत्र और भाग संख्या जैसी जानकारी पहले से मुद्रित रहेगी। बीएलओ घर-घर जाकर यह फॉर्म वितरित करेंगे और मतदाताओं को इसे भरने में सहायता देंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण की सफलता में राजनीतिक दलों एवं उनके बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीएलए मतदाताओं को जागरूक करने, फॉर्म भरवाने और प्रमाणित प्रपत्र बीएलओ को सौंपने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से शीघ्र बीएलए नियुक्त करने और उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की अपील की। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, भाजपा जिला संयोजक डॉ. मनोज शर्मा, और आप जिला अध्यक्ष मुवीन अहमद फारूकी सहित कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजाखेड़ा में होगा विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निसं.)।** बाबूलाल जैन सेवा संस्थान ने पिछले 25 वर्षों में चंबल अंचल में 29 विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर के 5,000 से अधिक मरीज़ों के नेत्रों के ऑपरेशन करके अंधत्व निवारण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है । प्रतिवर्ष होने वाले इन मेडिकल कैंपों में देश के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक ,हृदय रोग विशेषज्ञ ,अस्थि रोग विशेषज्ञ ,महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञ तथा शीर्षस्थ दंत चिकित्सक सम्मिलित रहते हैं । इन चिकित्सा शिविरों में 500 से अधिक पोलियो शल्य चिकित्सा के ऑपरेशन किये जाकर विकलांगों को सबलांग बनाया गया है ।12000 से अधिक लोगों को चश्मे वितरित कर उनके दृष्टिदोष में सुधार किया गया है ।4000 से अधिक दाँतों के भी ऑपरेशन किए गये हैं । अब तक एक लाख से अधिक रोगियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया गया है । संस्थान के रजत जयंती वर्ष में 30 वाँ मेडिकल कैंप 9 नवंबर को राजा खेड़ा जैन धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है । संस्थान के सभी न्यासियों की हार्दिक इच्छा है कि इस मानवता के पुनीत यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में आप इस शिविर का शुभारंभ करें । हमारे विनम्र अनुरोध पर आप अपने व्यस्त समय में से कुछ समय मानव सेवा के इस कार्य के लिये अवश्य निकाल कर सहयोग करेंगे।

# स्पीकर वासुदेव देवनानी की पत्नी इंदिरा देवी का अंतिम संस्कार, सरकार के कई मंत्री भी रहे मौजूद








### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माने देवनानी के अजमेर स्थित आवास पर जाकर इंदिरा देवी को दी श्रद्धांजलि, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी भी मौके पर रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंदिरा देवी का मंगलवार को अजमेर में उसका रोड स्थित ऋषि घाट शमशान पर अंतिम संस्कार कर दिया गया इंदिरा देवी के पुत्र महेश देवनानी ने अपनी माता को मुखाग्नि दी इस मौके पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य सुमित गोदारा, वन मंत्री संजय शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व मंत्री धर्मेंद्र राठौर, भंवर सिंह पलाड़ा, और किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी के अलावा भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता और अजमेर भाजपा संगठन से जुड़े कई छोटे-बड़े नेता मौजूद रहे इस मौके पर बड़ी संख्या में अजमेर के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी मौजूदरहे इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार की सुबह स्पीकर वासुदेव देवनानी के रामनगर आवास पर गए जहां उन्होंने इंदिरा देवी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी मुख्यमंत्री शर्मा के अलावा केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने भी इंदिरा देवी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वासुदेव देवनानी और उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया उल्लेखनीय है कि इंदिरा देवी पिछले कुछ दिनों से जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती थी पिछले दिनों जयपुर में वासुदेव देवनानी के सरकारी आवास पर इंदिरा देवी अचानक बेहोश हो गई थी जिसके बाद उन्हें एसएमएस अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया अस्पताल में डॉक्टरों की एक विशेष टीम की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा था लेकिन सोमवार को इंदिरा देवी का निधन होगया ।

## प्रेमिका ने धोखा दिया तो मोबाइल टावर पर चढ़ा प्रेमी, चिल्ला-चिल्लाकर सबको बता दी ये बात



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं शहर के केंद्रीय विद्यालय के पास सुबह का नजारा देखकर राहगीर हैरान हो गए। एक युवक अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों तक नीचे उतरने से इंकार करता रहा। लोगों की मदद से घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। जानकारी के अनुसार 28 साल का युवक सावत नायक (निवासी बेरासर छोटी, थाना राजगढ़) अचानक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। उसने बार-बार चिल्लाकर सबको बताया कि 'जिसे उसने दिल से चाहा, उसी ने उसे धोखा दिया।' गुस्से और निराशा में युवक ने खुद को खत्म करने की धमकी भी दी। जिसके बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। कोतवाली पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आपदा प्रबंधन टीम को भी बुलाया। इसके बाद कोतवाल हरजिंद्र सिंह खुद मौके पर आए और टीम के साथ युवक को नीचे उतरने के लिए समझाने लगे। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर युवक को शांत करने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद लोग भी लगातार युवक को नीचे उतरने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे। करीब एक घंटे की लगातार समझाइश और प्रयासों के बाद युवक ने नीचे आने की हामी भर दी। धीरे-धीरे वह टावर से नीचे उतरा और पुलिस ने उसे सुरक्षित पकड़ लिया।

## रतनगढ़ में सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना पर सामुदायिक बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शहर के वार्ड संख्या 11 में उचित मूल्य की दुकान के पास सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना की जानकारी देने हेतु सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राकेशशरण गर्ग के निर्देशन तथा एईएन सुरेंद्रपालसिंह के मार्गदर्शन में किया गया। जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ ने उपस्थित लोगों को परियोजना से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीवरेज परियोजना के पूर्ण होने के बाद कुइयों को खाली करवाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। शौचालय, स्नानघर और रसोई से निकलने वाला जल सीधे सीवरेज प्रणाली से जुड़ जाएगा, जिससे नालियां सूखी रहेंगी और स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार होगा। राठौड़ ने बताया कि ड्रेनेज परियोजना से बरसात के दौरान होने वाली जल भराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू सीवरेज कनेक्शन आरयूआईडीपी की ओर से निशुल्क किए जा रहे हैं। कनेक्शन के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित कर्मचारी को तुरंत सूचित करने और घर का सदस्य उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की सलाह दी गई। बैठक में महावीरप्रसाद, युसुफ खां, अजयपाल, हरीश, शांतिदेवी, गंगादेवी सहित अनेक नागरिकों ने भाग लिया और योजनाओं के बारे में अपने प्रश्न भी पूछे।

## महाप्रज्ञ अलंकरण के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जीवन विज्ञान कार्यक्रम संपन्न

**रतनगढ़(निसं.)।** राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में मंगलवार को महाप्रज्ञ अलंकरण के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जीवन विज्ञान कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और अणुव्रत गीत के साथ हुआ। प्रधानाचार्य विक्रमसिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में मानवीय गुणों का विकास करते हैं और विद्यालय में प्रेरणादायी वातावरण निर्मित करते हैं। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि आचार्य तुलसी द्वारा मुनि नथमल को उनकी विलक्षण प्रज्ञा के कारण महाप्रज्ञ अलंकरण से विभूषित किए जाने की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन विज्ञान के प्रति जनजागरण बढ़ाना है। समापन समारोह के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अणुव्रत समिति के पूर्व अध्यक्ष तेजपालसिंह गुर्जर ने कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ ने जीवन विज्ञान और प्रेक्षाध्यान के माध्यम से समाज को मानवीय मूल्यों की नई दिशा दी। कार्यक्रम में रामचंद्र दायमा, प्रियंका गर्ग, मधुबाला टेलर, सुबेसिंह जाखड़, असलम खान, नरेंद्र मंडार, उर्मिला चौधरी, सुशीला गाडगिल, पूजा इंदौरिया और संतोष शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

## प्रगतिशील समाज के लिए बच्चों को अच्छे संस्कारों के साथ सेवा का भाव सिखाना जरूरी: भागीरथ चौधरी

### पुष्कर में जाट अधिवेशन और प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, कहा - नई पीढ़ी में दिख रही सशक्त भारत की पहचान



जयपुर टाइम्स

**पुष्कर, अजमेर** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को अखिल भारतीय श्री जाट विश्रामस्थली, पुष्कर में आयोजित 106वाँ अखिल भारतीय जाट अधिवेशन एवं समाज की प्रशासनिक एवं राजकीय सेवाओं में नव चयनित प्रतिभाओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता : समारोह में उपस्थित समाज के वरिष्ठजनों, अभिभावकों और युवाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा समाज के युवाओं में सेवा भावना, परिश्रम और लगन की जो झलक मैंने आज यहाँ देखी, वह सचमुच भविष्य के सशक्त भारत की आशा जगाती है। नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और समाज से जुड़े रहकर देश की सेवा करने का यह भाव अत्यंत प्रेरणादायक है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने इस अवसर पर समाज की आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज तभी प्रगतिशील बन सकता है जब हर परिवार अपने बच्चों को अच्छे संस्कारों के साथ राष्ट्र सेवा का भाव सिखाए। जाट शताब्दी सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान : अपने संबोधन में श्री चौधरी ने आगामी 'राष्ट्रीय जाट शताब्दी सम्मेलन' का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि 9 नवम्बर को इसी पवित्र स्थल, अखिल भारतीय श्री जाट विश्रामस्थली पुष्कर में होने जा रहे राष्ट्रीय जाट शताब्दी सम्मेलन को समाज की एकता और गौरव का प्रतीक बनाना है। हम सबका दायित्व है कि इस ऐतिहासिक आयोजन को मिल-जुलकर सफल बनाएं, ताकि समाज की नई दिशा पूरे देश में एक मिसाल बने। कार्यक्रम में प्रशासनिक सेवाओं में चयनित समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया तथा समाज के इतिहास, संस्कृति और एकता पर आधारित प्रेरक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। समापन पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि हमारे समाज की असली ताकत उसकी एकता, मेहनत और नैतिकता में है। यदि हम इन्हीं मूल्यों पर चलते रहें तो आने वाला भारत निश्चित रूप से हमारे सपनों का भारत बनेगा। इस अवसर पर नागौर की पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा, श्री जाट मंदिर विकास समिति पुष्कर के अध्यक्ष हरसुख पुनिया, राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, कार्यकारिणी सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा मित्र बचाएंगे सड़क दुर्घटना में घायलों का जीवन

### रोड सेफ्टी, बी.एल.एस. एवं सी.पी.आर. प्रशिक्षण से मिली जीवन रक्षक तकनीक की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सड़क दुर्घटनाओं के समय घायलों की जान बचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में जालसू पंचायत समिति सभागार में विशेष सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर-द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार के निर्देशन में तथा जिला परिवहन अधिकारी अतुल कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में ग्राम पंचायत राजावास, रामपुरा डाबड़ी एवं उदयपुरिया के चयनित जीवन रक्षक मित्रों को 'रोड सेफ्टी ', 'बेसिक लाइफ सपोर्ट (B.L.S.) और 'सी.पी.आर.' की तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र मुस्कान संस्थान से शांतनु भसीन, रूगंटा अस्पताल से डॉ. धर्मेन्द्र डुडी, अमर जैन अस्पताल वैशाली नगर से डॉ. अरविन्द चौधरी तथा निरीक्षक दिनेश सिंह द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह एवं बी.डी.ओ. सुप्यार कपूरिया तथा सहायक बी.डी.ओ. अनिल शर्मा द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जीवन रक्षक मित्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर निरीक्षक दिनेश सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व पर बल दिया और उपस्थित सभी प्रतिभागियों से सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। मुस्कान संस्था के शांतनु भसीन ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सड़क संकेतों और मार्किंग के महत्व को समझाया। वहीं डॉ. अरविन्द चौधरी और डॉ. धर्मेन्द्र डुडी ने बी.एल.एस. एवं सी.पी.आर. तकनीकों का प्रयोगिक प्रदर्शन कर जीवन रक्षक विधियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया। अंत में वरिष्ठ निरीक्षक दिनेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में अधिक से अधिक जनजीवन की रक्षा की जा सके।

## जल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के निर्देश पर बोरिंग खुदाई का कार्य शुरू

### सूरजगढ़ शहर के वार्ड 6 में बनेगा नया बोरिंग

### नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता ने किया पूजन महिलाओं ने गाए मंगल गीत



जयपुर टाइम्स

**सूरजगढ़(निसं.)** शहर के वार्ड 6 में चल रही पेयजल किल्लत से वार्ड के लोगों को शीघ्र ही राहत मिलेगी। पेयजल समस्या से निजात के लिए वार्ड में सोमवार देर शाम को बोरिंग मशीन लगाकर खुदाई का कार्य शुरू कर दिया गया। वार्ड के लोगों की मौजूदगी में अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता के मुख्य अतिथि में पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। आपको बता दे कि वार्ड में पेयजल समस्या के चलते पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता ने जयपुर में पहुंचकर राजस्थान सरकार के जल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी से भेंट कर पेयजल समस्या से अवगत करवाया था इस पर जल मंत्री चौधरी ने संबंधित विभाग को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। संबंधित विभाग ने इसके बाद मंत्री के आदेश पर बोरिंग खुदाई का कार्य शुरू करवा दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सीताराम, रामस्वरूप, तुलसी, रघुवीर सिंह, महेश सैनी, दिनेश सैनी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष सूरजगढ़ कविता सैनी, राजेंद्र सेन, रामनिवास शर्मा, पार्षद राजेंद्र सोरिया, राधेश्याम सैनी, सूबेदार मांगेराम, माडूराम यादव, हवलदार सत्यवीर, विजयपाल, शेर सिंह मेघवाल सहित अनेक महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

## लोहा मंडी रोड हादसे के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अतिक्रमण पर चला बुलडोजर







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(सीकर रोड)।** सोमवार को लोहा मंडी रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। हादसे में कई लोगों की मौत और घायल होने की घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। स्थानीय निवासियों ने सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण को हर दिन हो रहे हादसों का मुख्य कारण बताया। हादसे के बाद प्रशासन ने देर रात से ही क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। मंगलवार सुबह से नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने लोहा मंडी रोड और सीकर रोड के सर्विस लेन क्षेत्र में बुलडोजर चलाया। अवैध निर्माण, दुकानों के शेड और सड़क पर फैली दीवारों को हटाया गया। कॉलोनी वासी महेंद्र ओला ने बताया कि अभियान तब तक चलना चाहिए जब तक पूरे मार्ग को अतिक्रमण मुक्त नहीं कर दिया जाता। कॉलोनीवासियों ने बताया कि सीकर रोड बाईपास के आसपास लंबे समय से अतिक्रमण हो रहा है, जिससे सड़क संकरी हो गई थी और भारी वाहनों के निकलने में कठिनाई होती थी। भारी वाहनों की आवाजें प्रतिदिन बढ़ रही है,जिससे कॉलोनी वासियों का जीना दूभर हो गया है ।उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन को शिकायत दी गई, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। हादसे के बाद लोगों में रोष है और वे इसे प्रशासन की लापरवाही का परिणाम मान रहे हैं। निवासियों का कहना है कि सोमवार के हादसे में कई परिवारों ने अपने कमाने वाले सदस्यों को खो दिया, जिससे पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक सुगमता के लिए यह अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# मानवता की मिसालः बी. एल. मील ने किया 160 वीं बार रक्तदान

### पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर जैन भवन सीकर में आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** मानवता और सेवा भावना का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सीकर जिले के ग्राम केशरनगर, कोलीड़ा निवासी यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज़ एवं सुधीर महरिया स्मृति संस्थान के निदेशक बी.एल. मील ने मंगलवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 160वीं बार रक्तदान किया। यह शिविर सीकर स्थित जैन भवन में आयोजित हुआ, जहां उन्होंने समाजसेवा की मिसाल कायम की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, चंद्रमा दास जी महाराज, प्रकाश दास जी महाराज, पूर्व विधायक रतन लाल जलाधरी, राजकुमारी शर्मा, के.डी. बाबर, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल, पवन मोदी, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, संजय सैनी, अनिता शर्मा, गोविंद सैनी, अशोक चौधरी, राजकुमार जोशी, सतीश पाटौदा, भंवरलाल जांगिड़, सुरेश शर्मा, जगदीश कुमावत, सत्येंद्र कुड़ी, नरेंद्र बाजिया सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मील के समाजसेवी कार्यों की सराहना की। बी.एल. मील ने वर्ष 2023 में 25 बार रक्तदान (जिसमें प्लेटलेट दान भी शामिल) कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। वे राजस्थान के सर्वाधिक रक्तदाताओं में गिने जाते हैं। उनके नेतृत्व में सुधीर महरिया स्मृति संस्थान एवं राजस्थान ब्लड डोनर ग्रुप द्वारा अब तक 625 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1.60 लाख से ज्यादा यूनिट रक्तदान करवाया गया है। साथ ही, जरूरत पड़ने पर तुरंत रक्त उपलब्ध कराने हेतु 3,000 से अधिक युवाओं की टीम हर समय तत्पर रहती है। कोविड महामारी के दौरान उन्होंने 336 यूनिट प्लाज्मा डोनेट करवाकर अनेक रोगियों की जान बचाई। बी.एल. मील सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी हैं – वे पिछले 30 वर्षों से रक्तदान के साथ-साथ राशन वितरण, कंबल वितरण, पौधरोपण, सड़क सुरक्षा जागरूकता और स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में सक्रिय हैं। गत 17 अगस्त को उन्होंने मात्र एक घंटे में 132 लोगों को अंगदान एवं देहदान के लिए प्रेरित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उनका जीवन निरंतर समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, छात्राओं में देखा गया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयुक्तालय के निर्देशानुसार मंगलवार को दो विषयों पर विकसित भारत 2047 एवं आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में चयनित होने वाली प्रथम द्वितीय एवं तृतीय छात्राओं के निबंध जिला स्तर पर भेजे जाएंगे। तत्पश्चात संभाग स्तर एवं राज्य स्तर पर चयनित होने पर प्रथम विजेता को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने जनजाति नेताओं की स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका विषय पर चित्रों का अंकन किया। कार्यवाहक प्राचार्य नवीन कुमार पारीक ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## निबंध प्रतियोगिता एवं भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर व्याख्यान का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार मंगलवार को विकसित भारत-2047 एवं आत्मनिर्भर भारत तथा स्वदेशी विषयों पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के महत्व तथा उनमें भाग लेने के लाभ बताते हुए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 83 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों विषयों में 3 विद्यार्थियों का विजेताओं के रूप में चयन किया गया। जिसमें अंकिता राजपुरोहित प्रथम, पायल द्वितीय तथा सुशील कुमारी तृतीय स्थान पर रही।भवानीशंकर, डॉ देवीलाल रोझ एवं डॉ अलका जांगिड़ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इसी प्रकार एनएसएस द्वारा महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विद्यार्थियों के लिए डॉक्यूमेंट्री एवं व्याख्यान आयोजित किए गए। व्याख्यान में मुख्य वक्ता महेश कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा का जीवन परिचय देते हुए आदिवासियों के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी सुमन एवं लता गुर्जर द्वारा किया गया।

## तोदी महाविद्यालय के शिवराज सिंह ने जीता कांस्य पदक


जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ी शिवराज सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा सेठ जी. बी. पोद्दार महाविद्यालय, नवलगढ़ में आयोजित अंतर-महाविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दस मीटर राइफल शूटिंग में कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवराज सिंह ने न केवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि उनके चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शिवराज पिछले तीन वर्षों से दस मीटर राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और दो बार पचास मीटर राइफल शूटिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा ले चुके हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नाथावत, सचिव आशकरण शर्मा, एडमिन प्रमेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. आनन्द शर्मा, शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पंकज शर्मा सहित स्टाफ सदस्यों ने शिवराज सिंह को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हर्षित शर्मा के सीए इन्टर मिडियट दोनों समुह में सफलता पर प्रसन्नता

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंट्स ऑफ इण्डिया ने सीए इंटर परीक्षा में मण्डावा निवासी हर्षित शर्मा को CA intermidiyate में दोनो ग्रुपों मे सफलता मिली है । ज्ञात रहे आईसीएआई की ओर से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की परीक्षा का आयोजन गत सितंबर माह में किया गया था। उल्लेखनीय है की हर्षित शर्मा पुत्र संदीप शर्मा सीए इन्टरमिडियट दोनो समुह में कुल अंक 600 में से 328 अंक प्राप्त कर उर्त्तीण हुए हर्षित की माता सपना शर्मा मण्डावा नगर पालिका की वरिष्ठ पार्षद है । उन्होंने अपनी माता सपना शर्मा व पिता संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में तैयारी की है । हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय दादा सेनि मेजर सुबेदार संतकुमार शर्मा व दादी सन्तोष देवी को दिया । हर्षित शर्मा की सफलता पर भाजपा सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाभाई, भाजपा झुंझुनूं जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, पूर्व प्रधान क्रमशः सुशीला सीगड़ा, गिरधारीलाल खीचड़, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम धाभाई, युवा नेता सुनील सैनी, पूर्व पार्षद कैलाश पिपलवा , पार्षद संदीप - संजय परिहार,बाबूलाल सैनी,हरफूल सिंह तिलोटिया, कैलाश छापोला, राजेन्द्र ठेकेदार, अनूप शर्मा उर्फ विक्की, अंकित शर्मा, अलोक शर्मा उर्फ बबलू भाया आदि ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## झुंझुनूं में घर- घर जाएंगे बीएलओ, वोटर्स-लिस्ट की जांच शुरूः निगरानी के लिए 26 मॉनिटरिंग अधिकारी भी नियुक्त किए

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** बैठक लेते हुए अधिकारी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत झुंझुनूं जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 शुरू कर दिया गया है। इस कार्य की सख्त निगरानी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अरुण गर्ग ने जिलेभर में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, जिससे कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहे। घर-घर जाएंगे बीएलओ डॉ. गर्ग ने बताया- अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उनकी जानकारी सत्यापित करेंगे। जरूरत के अनुसार, नए पंजीकरण, नाम हटाने या सुधार के लिए परिगणना प्रपत्र-6, 7, 8, और 8 भरवाए जाएंगे।

### यह रहेंगे अभियान के मुख्य पॉइंट

पात्रता तिथि: 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के होने वाले युवा नया पंजीकरण करा सकेंगे।
शुद्धिकरणः मृत या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया होगी।
स्थानांतरणः पते बदल चुके मतदाता नए मतदान केंद्र में नाम स्थानांतरित करा सकेंगे।
पहचानः बीएलओ को पहचान के लिए आयोग द्वारा जारी आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य है।

जांचः जिले में वर्तमान में कुल 18 लाख 48 हजार 32 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जाएगी। 26 अधिकारी नियुक्त किए गए डीईओ डॉ. गर्ग ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस बार निगरानी पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में, जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों- झुंझुनूं, मण्डावा, उदयपुरवाटी, नवलगढ़, खेतड़ी, सूरजगढ़ और चिड़ावा में मतदान केंद्रवार 26 अधिकारियों को मॉनिटरिंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी अपने क्षेत्रों में बीएलओ के कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को सौंपेंगे। किसी भी स्तर पर शिथिलता या गड़बड़ी पाए जाने पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नागरिकों से भी अपील की जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ उनके घर आएं, तो वे सही और पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक दायित्व है कि वह लोकतंत्र की मजबूती के लिए सही मतदाता सूची बनाने में सहयोग करे।

### सुविधा और महत्वपूर्ण तिथियां

ऑनलाइन माध्यमः जिन नागरिकों के पास ऑनलाइन सुविधा है, वे www.nvsp.in पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। अंतिम प्रकाशनः सभी सुधार और पंजीकरण प्रस्तावों के परीक्षण के बाद, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2026 को किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण को लेकर जिला प्रशासन व महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रशिक्षण को रोचक और उपयोगी बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल की है। चूरू ग्रामीण परियोजना के सोमासी सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्था रॉकेट लर्निंग के सहयोग से किया गया। यह संस्था एक प्रारंभिक एवं पूर्व प्रारंभिक शिक्षा में नवाचार के लिए कार्यरत एक गैर-सरकारी संस्था है। रॉकेट लर्निंग की ओर से डिजिटल एवं डायरेक्ट हस्तक्षेप के माध्यम से माता-पिता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश की जा रही है, जिससे बच्चों के सीखने के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बढ़ता बचपन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया गया। इसमें पोषण एवं पढ़ाई को प्रभावी रूप से समाहित किया गया। जिससे कार्यकर्ताओं को बच्चों की समग्र वृद्धि में मदद मिले। शिविर में कार्यक्रम का अवलोकन एवं मूल्यांकन, आईस ब्रेकर गतिविधियां, बच्चों के लिए सुरक्षित दैनिक कार्ययोजना और आधार शिला कलेंडर, साप्ताहिक योजना, समुदाय और परिवार का प्रभावी योगदान, आंगनवाड़ी पर बाल दिवस व बच्चों का मूल्यांकन आदि प्र?शिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महिला सुपरवाइजर ज्योति वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संचालन रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा ने किया।

## जैन श्वेताम्बर में हुआ गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम



**चूरू(निसं.)** स्थानीय जैन श्वेताम्बर तेरापंथी उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद् की ओर से शिव चन्दा मेटल चूरू के प्रोपराइटर राकेश जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से 19 वें चरण का आयोजन किया गया। सचिव संदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली विधार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान संस्कार जोशी, उन्नति सोनी, कार्तिक शर्मा, आर्यन खान, मनिषा शर्मा, केशव जांगिड़, सारिका कंवर का अभिनंदन किया गया तथा कार्यक्रम में विद्यालय के श्रेष्ठ शिक्षक लखेद्र सिंह, पंकज सैनी, पुरुषोत्तम महर्षि व भंवरी देवी को भी स्मृति चिन्ह, दुपट्टा व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी माध्यम विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद जांगिड़ व अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने परिषद के सदस्यों का स्वागत करते हुए परिषद् द्वारा किए जाने वाले सेवा व संस्कार कार्यों की प्रशंसा की। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष उमेश चन्द्र चौहान ने परिषद् की गतिविधियों व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। राकेश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को जीवन प्रयन्त धूम्रपान न करने व नारी का सम्मान करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार जांगिड़, पर्यावरण शाखा संयोजक पुनित लाटा, शाखा संयोजक सेवा देवेंद्र कुमार चंदेल, श्याम सुंदर भोजक, जगदीश धुंवा, विजय कुमार शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निरंजन चोटिया ने किया।


## जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बेहद जरुरत मंद मरीजों के लिए बेटी सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। शहर के अलग अलग अस्पतालों मे भर्ती अलग अलग रोगियों के लिए काफ़ी रक्तदाताओं ने बेशकीमती रक्तदान क़र मरीजों की जान बचाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा से वर्षा प्रजापत, रविकांत प्रजापत, प्रहलाद गोपालपुरा, मुकेश जिलोया, अजय बारवासा, जगदीश जांगिड़, प्रेम प्रकाश ज्याणी, विक्रम सिंह, दिनेश सोनी, साजिद आदि ने सुजानगढ़ ब्लड बैंक पहुंच क़र रक्तदान कर मानवीय फर्ज़ निभाया।

## 63 बीएलए को दिया एस आई आर को लेकर प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में एस आई आर को लेकर बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षण दिया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने उपस्थित राजनीतिक दलों के एजेंटों से कहा कि सभी मतदाताओं का पुनः सत्यापन होना है, इसलिए सभी मन लगाकर सहयोग करें। इस दौरान पार्षद रेवंतमल पंवार, सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, फारुख भुट्टा, रफीक खींची सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज, चूरू

website- www.education.rajasthan.gov.in/mcchuru
Email- principal.mc.churu@rajasthan.gov.in Phone - 01562-251888

क्रमांक :- लेखा/निविदा/ Aluminium Work / 2025/596 दिनांकः- 31.10.25

**NIT - 20/2025-26**
(UBN No.- MCC 25 26 WOSB000257

Bid for Aluminium Gate Work in PDU Medical College, Churu are invited from interested bidders up to 1.00 PM on dated 6.11.2025 for Medical College, Churu. The estimated value of procurement is about Rs 4,00,000/-. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement Portal htpp//sppp.rajasthan.gov.in of the State, https//eproc.rajasthan.gov.in.

DIPR/C/16201/2025

**Principal**
**PDU Medical College, Churu**

## Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh

No.: EE/NIT/2025-26/1922 Date: 15/12025

**Notice Inviting Bid**

Bid of Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections (Pump House/TubeWell/OpenWells etc.) under the jurisdiction of Division Ratangarh, District-Churu Work of maintaining power factor and Hiring of power capacitor for various electric connections (Pump House/TubeWell/OpenWells etc.) under the jurisdiction of Division Ratangarh,District-Churu are invited from interested bidders up to 10.11.2025, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:
UBN NIT No.: 22 PHE 2526WSOB07656

DIPR/C/16072/2025

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer**
**Division Ratangarh**

राजस्थान सरकार
## कार्यालय प्राचार्य, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूरू

E-mail- girlscollegechuru@gmail.com, Ph.No. 01562-252261

File/Bid No.- 06/2025-26 Date 28-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Open Gym equipment and their installation invited from interested bidders up to 01:00 PM Dated 11-11-2025. Other particulars for the bid may be viewed on the procurement portal (http//sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS. 2.50 lacs.
UBN- ECD2526GSOB00337
NIB CODE- ECD2526A0322

DIPR/C/16055/2025

**(Dr. Champa Lal Verma)**
**Principal Swami Gopaldas Govt.**
**Girls College, Churu**

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक: 1939-1948 दिनांक : 28/10/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 18/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत चार दीवारी निर्माण कार्य हेतु कुल 01 कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी

श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू.ए.- 100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A4057 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB15712 |

DIPR/C/16030/2025

**(राजेन्द्र कुमार सैनी)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नेठवा पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांकः 126-130 दिनांक :- 04.11.2025

**निविदा 02/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नेठवा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गावों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा सूचना की ग्राम पंचायत वार विवरण एंव शर्ते https//eproc.rajasthan.gov.i एवं https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत मिखाला**
**पंचायत समिति तारानगर**

## कार्यालय नगरपालिका रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांकः- नपार / भूमि / 2025/3493-95 दिनांक 16/10/25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। उक्त के संबंध किसी व्यक्ति / संस्थान को काई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | प. संख्या | नाम आवेदकगण | भू-खण्ड का क्षेत्रफल | वांछित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/RTNG/2025-26/286033 DATE 09-10-2025 | श्री बाबुलाल पुत्र श्री कालूराम प्रजापत, प्रहलाद जी की प्याउ के पास वार्ड नं0 28, रतनगढ़ | 95.28 व.मी. | स्टेटग्रान्ट |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका रतनगढ**

## कार्यालय नगरपालिका रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांकः-नपार/भूमि/2025/3490-92 दिनांक- 16/10/25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। उक्त के संबंध किसी व्यक्ति / संस्थान को काई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | प. संख्या | नाम आवेदकगण | भू-खण्ड का क्षेत्रफल | वांछित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | LD/RTNG/2025-26/285997 DATE 09-10-2025 | श्री नरेश कुमार पुत्र श्री कालुराम प्रजापत प्रहलाद जी की प्याउ के पास वार्ड नं0 08, रतनगढ़ | 275.08 व.मी. | स्टेटग्रान्ट |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका रतनगढ**

## कार्यालय ग्राम पंचायत ईयारा पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा. प.ई / पाईपलाईन / 2025-26 / 62-65 दिनांक :- 31/10/2025

**निविदा सूचना 45/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो दो वर्षाकाल की डिफेक्टिव लाईबलिटिज हेतु सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों से टेडर प्रक्रिया द्वारा आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है ।

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http// SPPP. rajasthan. gov.in NIB NO ZCR252640977 UBN No ZCR 2526 WSOB 01654 Download कर देखी जा सकती है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ईयारा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ईयारा**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

# गायों को लम्पी का वैक्सीन लगवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गायों में लंपी रोग की रोकथाम किए जाने के लिए वैक्सीन लगवाये जाने की मांग की गई है। किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बताया गया है कि पशुओं में, विशेषकर गायों में लंपी रोग हो रहा है और चिकित्सकों द्वारा भेड़, बकरियों वाली दवा ही गायों के लिए प्रयुक्त की जा रही है। इसलिए हमारी मांग है कि गायों में लम्पी रोकने के लिए लम्पी के लिए लगने वाली वेक्सीन लगाकर गौधन को इस रोग से बचाया जावे। उपखंड अधिकारी ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान इब्राहिम तैली, पूनमचंद मेघवाल, गंगाधर मूंड, सुमेरसिंह, रामलाल मेघवाल आदि मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा की मनाई 150 वीं जयन्ती



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय जी एच एस राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ तथा एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आज भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतिगोगिता का आयोजन प्राचार्य विनीता चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य धन्ना राम जानू, पूजा रतनु, प्रियंका कुमारी तथा अर्चना रांकावत ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से सम्बंधित प्रेरक घटनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य विजय सिंह ने किया। साथ ही विकसित भारत 2047 तथा स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर विषय पर निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त संकाय सदस्य एवं नियमित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्टेडियम में ट्रेड फेयर बंद करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खेल प्रमियों ने एक ज्ञापन एडीएम संतोष मीणा को राजा खान के नेतृत्व में सौंपकर सुजानगढ़ के लोहिया स्टेडियम में ट्रेड फेयर लगाए जाने बंद करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते वक्त एडीएम को राजा खान ने बताया कि भामाशाह परिवार ने खेल स्टेडियम की जमीन खेलों के लिए दान की थी, लेकिन नगरपरिषद खेलों को दरकिनार कर यहां पर ट्रेड फेयर लगवाती है, इसलिए हमारी मांग है कि ये मेलों का आयोजन बंद कर यहां पर केवल खेल मैदान ही रहने दिया जावे। अगर नगरपरिषद मेले लगाती है, तो दुकानों के लिए दूसरी जगह का चयन किया जावे। एडीएम ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन पर सुशील, आजाद, मुकेश, आदिल, इरफान, नूर मोहम्मद, सुशील आदि के हस्ताक्षर हैं।

# कैप्टन गोरधन सिंह भूरिया का भव्य अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** जाट 4 रेजीमेंट से सेवानिवृत्त हुए कैप्टन गोरधन सिंह भूरिया का उनके पैतृक गांव मणासिया पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाइपास मणासिया क्रॉसिंग पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कैप्टन भूरिया ने अपने सैन्य जीवन में बरेली, पीथोगढ़, कारगिल, फिरोजपुर, नोर्थ लखीमपुर, जयपुर, उरी, सूरतगढ़, अफ्रीका, नागालैंड, अलवर, नोर्थ ग्लेसियर, अंबाला व करजोक जैसे अनेक सीमावर्ती और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएं दीं। उनके समर्पण और देशभक्ति की भावना ने क्षेत्र का नाम रोशन किया।गौरतलब है कि उनके परिवार का भी सैन्य और सामाजिक सेवा से गहरा संबंध रहा है। उनके बड़े भाई शिवपाल सिंह भूरिया और गिरधारीलाल भूरिया भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि भाई कानाराम भूरिया सरकारी स्कूल पाटोदा में वरिष्ठ अध्यापक हैं। भतीजे डॉ. अरविन्द भूरिया जाजोद सीएचसी में शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

# विनायक लाइब्रेरी के आठ बच्चों का सरकारी सेवाओं में चयन

## लाइब्रेरी परिसर में चयन बच्चों का किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** तारानगर के विनायक लाइब्रेरी में मंगलवार को लाइब्रेरी की तरफ से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले आठ बच्चों का सरकारी सेवाओं में चयन होने पर लाइब्रेरी के सौजन्य से अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह, लाइब्रेरी के संचालक अमित कुमार कुमार वर्मा, भामाशाह मानसिंह सैनी ने माला पहनाकर एवं मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र व देकर चयन छात्र छात्राओं का अभिनंदन किया। लाइब्रेरी के संचालक अमित कुमार ने बताया कि लाइब्रेरी के अंकित का सीआरपीएफ में एसआई पद पर, जगदीश का एसबीआई में क्लर्क पद पर, प्रदीप का आरपीएससी में एलडीसी पद पर, हंसराज का एनिमल हसबेंडरी में एनिमल अटेंडेंट पद पर, सुनील का आरएसएसबी में एलडीसी पद पर, मुकेश कुमार का एनएचएम में नर्सिंग ऑफिसर पद पर, नवीन का आईडीबीआई में क्लर्क पद पर, धनराज का राजस्थान पुलिस में कॉंस्टेबल पद पर चयन हुआ जिनका लाइब्रेरी में सम्मान समारोह रखा गया था। संचालक वर्मा ने चयन होने वाले छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मोके पर समाज सेवी मानसिंह सैनी, राजबाला वर्मा सहित लाइब्रेरी के छात्रा छात्राएं मौजूद रहे।

# *छापर रोड़ से ट्रेफिक बंद, पुल निर्माण तक शहर के अंदर से निकलेंगे वाहन*

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय छापर रोड़ से ट्रेफिक के डाईवर्ट किए जाने के आदेश उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने जारी कर दिए हैं। अब 5 नवम्बर से सारा ट्रेफिक पुराने बस स्टेंड से होकर गणेश मंदिर होते हुए और छापर की ओर जाने वाले वाहन शहर के बाहर से या फिर रेल फाटकों से निकलकर जायेंगे। दरअसल रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान ही बिजली पानी की लाईनों की शिफ्टिंग का बचा हुआ काम भी चल रहा है। हाल ही में एक नवम्बर को जलदाय विभाग की पाईप लाईन के उपर से वाहन गुजरने से पाईप लाईन टूट गई थी, जिसके बाद काफी दिक्कत हो गई थी। वहीं रास्ता लगभग बंद हाने के कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। परिस्थितियों के मध्यनजर एक कमेटी का गठन कर रिपोर्ट दी गई और पीडबल्यूडी की ओर से भी मामले में ट्रेफिक बंद करने की सिफारिश की गई। जिसके बाद उपखंड अधिकारी ने पुल निर्माण होने तक अस्थायी रूप से ट्रेफिक को शहर के अंदर से होकर डाईवर्ट किए जने के आदेश दिए हैं। वहीं एसडीएम के इस आदेश से पुल निर्माण कार्य को गति मिलेगी और ज्यादा तेज गत से पुल का निर्माण होगा। हालांकि आम जनता को इस मामले में सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि आजकल शहर में झूठे क्रेडिट लेने के लिए लोग शोसल मीडिया पर कुछ भी चला देते हैं। लेकिन यह आदेश वास्तव में रेलवे पुल निर्माण में बाधा आने के कारण जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट लिखा गया है कि रेलवे पुल निर्माण पूरा होने तक ट्रेफिक डाईवर्ट रहेगा। दूसरी ओर इस आदेश से अब बीडीएस तिराहे के पास बने अस्थायी बस स्टेंड के वापस हटने की गुंजाईश भी धीरे-धीरे बनने लगेगी।

## मण्डावा : वार्षिक उत्सव 10 को

**मण्डावा ।** श्री सनातन धर्म पंचायत उमावि, मण्डावा का वार्षिक उत्सव त्रिवेणी आगामी 10 नवम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे धूमधाम से मनाया जाएगा । प्रधानाचार्या डा.विद्या पुरोहित ने बताया की समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डा. अरूण गर्ग होगें तथा प्रबंध समिति कोलकाता के न्यास अध्यक्ष अतुल चूड़ीवाल, ट्रस्टी आत्माराम सौंथलिया, अरूण चूड़ीवाल तथा पवनकुमार देवड़ा आदि मंचासीन अतिथि होगे । इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानीत भी किया जाएगा ।

## लुमास में भागवत कथा आज से शुरू होगी



**मण्डावा** गावं लुमास का बास में सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण की कथा आगामी बुधवार को संकट मोचन बालाजी धाम लुमास का बास में आयोजित होगी। समाज सेवी संजय शर्मा ने बताया कि भागवत कथा बुधवार से शुरू होकर आगामी 11 नवंबर तक होगी। भागवत कथा का वाचक श्री राजा राम महाराज , चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश के द्वारा करवाई जाएगी। बताया कि कथा में प्रतिदिन नित नई नई झाकियां दिखाई जाएगी।कथा का समय दोपहर एक बजे से तीन बजे तक होगा।ओर 5 नवंबर बुधवार को दस बजे से संकट मोचन बालाजी धाम,लुमाश का बास से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकली जाएगी।लुमाश का बास के सभी ग्रामवासी वासियों के द्वारा भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

जयपुर टाइम्स





**पाटन(निसं.)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक पाटन के समस्त पीईईओ एवं सर्वेयर शिक्षकों का एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, पाटन के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर सिंह डुकिया ने की। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। डुकिया ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा शिक्षकों और कार्मिकों की क्षमता संवर्धन पर विशेष जोर देने की बात कही। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शिम्भु दयाल स्वामी ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे महात्मा गांधी पुस्तकालय वाचनालय का संचालन, लर्नर्स सर्वे, सर्वेयर शिक्षकों एवं पीईईओ के दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसीबीईओ महेश मीणा ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत शिक्षा से जोड़कर ज्ञान, कौशल एवं जागरूकता की मुख्यधारा में शामिल करता है। वहीं एसीबीईओ ताराचंद ने कहा कि यह कार्यक्रम सशक्त, क्षमता मूलक और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दक्ष प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी एवं ओमप्रकाश चौधरी ने संभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में नवीन टांक, उदय सिंह मीणा, निर्मला देवी सहित कुल 22 पीईईओ एवं 86 सर्वेयर शिक्षकों सहित 108 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# कायस्थपुरा में पत्थरगड़ी के बाद तारबंदी उखाड़ी:विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दो किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** कायस्थपुरा में पत्थरगड़ी के बाद तारबंदी उखाड़ ने के मामले में दो गिरफ्तार बगड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कायस्थपुरा में राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई पत्थरगड़ी के बाद माहौल उस वक्त बिगड़ गया जब कुछ व्यक्तियों ने मौके पर पहुंचकर विवाद खड़ा कर दिया। मामला शांतिभंग और धमकी देने तक जा पहुंचा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना अधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया कि तहसीलदार झुंझुनूं के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ग्राम कायस्थपुरा पहुंची थी। यहां खसरा नंबर 188, 189 और 190 की भूमि पर पत्थरगड़ी की प्रक्रिया पूरी की गई। पत्थरगड़ी यानी सीमांकन के बाद टीम द्वारा लोहे की एंगल और तारबंदी की गई थी, ताकि भूमि की सीमाएं स्पष्ट रहें और किसी प्रकार का विवाद न हो। लेकिन पत्थरगड़ी पूरी होने के कुछ ही समय बाद विजय सिंह और उसके साथियों ने मौके पर पहुंचकर राजस्व विभाग द्वारा की गई तारबंदी को उखाड़ दिया। इस दौरान उन्होंने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। घटना की सूचना पर जब परिवादी बारसीलाल इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए थाने पहुंचा, तब आरोपियों विजय सिंह और जयप्रकाश ने उसे धमकाया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने परिवादी को जान से मारने की धमकी दी और मौके पर हंगामा किया। थाना अधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से पत्थरगड़ी पूरी होने के बाद भी कुछ व्यक्तियों ने जानबूझकर तारबंदी उखाड़कर विवाद बढ़ाने की कोशिश की। जब मामले की शिकायत लेकर परिवादी आया, तो उसे धमकियां दी गईं। इस पर दोनों को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया है।

# समस्या समाधान केंद्र के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन



**चूरू.(निसं.)** समस्या समाधान केंद्र के बैनर चले मुरारीलाल सरावगी की अध्यक्षता में आरजीएचएस व आम नागरिक के लिए बजट में की गई घोषणाओं को लागू कराने के लिए धरना चल रहा है। इस अवसर पर सचिव प्रमोद शर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से धरने की अनदेखी की जा रही है। पिछले 20 दिनों से प्रशासन का कोई प्रतिनिधि धरना स्थल पर आकर हाल-चाल नहीं पूछ रहा। जिससे आम जनता में आक्रोश पैदा हो रहा है। प्रशासन इस आंदोलन के संबंध में सरकार को अवगत नहीं करवाया तो हमें मजबूर होकर भूख हड़ताल जैसे कई कदम उठाने पड़ेंगे। इस अवसर पर प्रेम कुमार बगड़िया व शिक्षाविद रमेश कुमार गौतम ने कहा कि इस प्रकार की अनदेखी प्रशासन के लिए अच्छी नहीं है। हम कोई अपना स्वार्थ नहीं देख रहे है। यह धरना आम जनता की सुविधा के लिए दिया जा रहा है। धरने पर प्रशासन की ओर से कोई आकर इन समस्याओं का निराकरण करे। इस अवसर पर समस्या समाधान केंद्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, पुरुषोत्तम पटवारी, रामावतार शर्मा, राधेश्याम औझा, नरोत्तम सैनी व डालचंद सोनी व विनोद राठी आदि उपस्थित रहे।

# सादुलपुर-सिधमुख मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, स्विफ्ट कार चालक की मौके पर मौत

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)** सादुलपुर से सिधमुख सड़क मार्ग पर मंगलवार सुबह शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पेट्रोल पंप के पास स्विफ्ट कार और ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन चालकों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और वे अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही सादुलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी व क्रेन की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों चालकों को वाहनों से बाहर निकाला गया। स्विफ्ट कार चालक को मृत अवस्था में राजकीय रैफरल अस्पताल सादुलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रेलर भद्रा सिधमूख से सादुलपुर की ओर आ रहा था, जबकि स्विफ्ट कार सादुलपुर से कुम्हारों की ढाणी की तरफ जा रही थी। पेट्रोल पंप के पास अचानक दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रेलर सड़क किनारे पेड़ तोड़ते हुए खेत में जा घुसा। मृतक की पहचान कुम्हारों की ढाणी निवासी हुस्यार सिंह (43) पुत्र सुल्तान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव क़ो राजकीय रेफरल अस्पताल की मोर्चारी मै रखवा दिया वही ट्रॉले के चालक के नाम पते की जानकारी हासिल कर रही है.

# बस स्टैंड से निकलने वाली मुख्य सड़क की बदहाली पर उभरा जनाक्रोश

## किसान नेता जगत सिंह के नेतृत्व में सांकेतिक जाम लगाकर जताया विरोध

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)।** कस्बे के बस स्टैंड से निकलने वाली मुख्य सीसी सड़क की दोनों ओर साइड नहीं बनने से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी मांग को लेकर सोमवार को किसान नेता जगत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने सांकेतिक जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बताया कि बस स्टैंड से निकलने वाली यह सड़क चूरू, झुंझुनूं और फतेहपुर रूट के वाहनों का प्रमुख मार्ग है। दिनभर सैकड़ों बसें और अन्य वाहन यहां से गुजरते हैं, लेकिन सड़क के दोनों ओर गहरे गड्ढे होने से यातायात में भारी बाधा आती है। आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहन चालकों को घंटों परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सड़क की साइड नहीं बनाई गई है। इससे राहगीरों को न केवल असुविधा होती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। करीब 20 मिनट तक चले सांकेतिक जाम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर बस स्टैंड से निकलने वाली मुख्य सड़क की दोनों ओर साइड निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की।

# स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवलोदा लाडखानी में अजीतपुरा निवासी चावली देवी की पौत्रवधु एवं वरिष्ठ अध्यापक पूनम विजेश पिलानिया ने अपनी पुत्री धृति पिलानिया के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उनके उत्कृष्ट सहयोग की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। समारोह में पीईईओ अनीता दैया, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त भंवर सिंह, बेगाराम थालौड़, विजेश पिलानिया, पूर्व प्राचार्य देबू राम व वर्तमान प्राचार्य इंद्राज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा भामाशाह चावली देवी और पीईईओ अनीता दैया को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# कलेक्टर सुराणा ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

## एसआईआर 2026 गतिविधियों का लिया जायजा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को तारानगर विधानसभा क्षेत्र के भालेरी में मतदान केंद्र संख्या 91, 92 एवं 93 का निरीक्षण किया तथा मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ एवं मतदाताओं से एसआईआर गतिविधियों की चर्चा की तथा बीएलओ एवं ईआरओ को समुचित निर्देश दिए। ईआरओ राजेंद्र कुमार ने एसआईआर गतिविधियों की जानकारी दी तथा बीएलओ ने मतदाताओं, एसआईआर गतिविधियों, मतदाताओं की मैपिंग, इनुमे रेशन फॉर्म भरवाने, मतदाताओं को एसआईआर के बारे में जागरूक करने आदि के बारे में जानकारी दी।